Tni आवाज़

# राजस्थान की राजनीति

E-mail: tniawaz.news@gmail.com

आपकी आवाज के साथ....

RAJHIN/2012/43137

HP NEWS हिन्दुस्तान की आवाज

हिन्दुस्तान पत्रिका

HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, सोमवार 20 मई, 2024 | » वर्ष: 2 | » अंक: 208 | » पृष्ठ: 8 | » मूल्य: 2.00 रू.


## थम नहीं रहीं रामदेव की मुसीबतें, पतंजलि की सोन पापड़ी टेस्ट में फेल, मैनेजर समेत 3 को 6 महीने की जेल

**राजस्थान की राजनीति/पिथौरागढ़**




बाबा रामदेव की पतंजलि कंपनी पिछले कुछ दिनों से लगातार मुसीबत में है। भ्रामक विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को फटकार लगाई थी। अब उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से बुरी खबर आई है। पतंजलि कंपनी की सोन पापड़ी फूड टेस्ट में फेल गई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर सहित तीन लोगों को छह महीने जेल की सजा सुना दी है। तीनों पर जुर्माना भी लगाया गया है। पूरा मामला 2019 से जुड़ा है। फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर ने पिथौरागढ़ के बेरीनाग इलाके में स्थित लीला धर पाठक की दुकान से सैंपल लिए थे। पतंजलि नवरत्न इलायची सोन पापड़ी को लेकर शिकायतें सामने आई थीं। दुकानदार के साथ साथ पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को भी नोटिस जारी किया गया था। दिसंबर 2020 में उधम सिंह नगर में प्रयोगशाला में जांच की गई जिसमें सोन पापड़ी घटिया गुणवत्ता की निकली। इसके बाद दुकान मालिक लीलाधर पाठक, डिस्ट्रीब्यूटर अजय जोशी और पतंजलि के असिस्टेंट मैनेजर अभिषेक कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामला कोर्ट पहुंचा। अदालत ने फूड सेफ्टी की धाराओं में तीनों आरोपियों को छह महीने जेल की सजा सुनाई है। साथ ही जुर्माना भी लगाया है। लीलाधर पाठक पर 5 हजार, अजय जोशी पर 10 हजार और अभिषेक कुमार पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगा है। कोर्ट ने अपना फैसला खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत सुनाया है। गौरतलब है कि पतंजलि आयुर्वेद और दिव्य फार्मेसी के 14 प्रॉडक्ट्स के लाइसेंस पर लगा बैन हटा दिया गया है। उत्तराखंड सरकार ने एक हाई लेवल कमिटी की शुरुआती जांच रिपोर्ट मिलने के बाद बैन लगाने के अपने पहले के आदेश पर स्टे दे दिया। 30 अप्रैल को पतंजलि आयुर्वेद और दिव्य फार्मेसी के 14 प्रॉडक्ट्स के मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस को उत्तराखंड सरकार की लाइसेंस अथॉरिटी ने सस्पेंड कर दिया था। हाई लेवल कमिटी ने तर्क देते हुए कहा कि जिस तरीके से लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने ये आदेश पारित किया था, वह गलत था। जिन 14 प्रॉडक्ट के लाइसेंस पर बैन लगाया गया था, उनमें श्वासारि गोल्ड, श्वासारि वटी, श्वासारि प्रवाही, श्वासारि अवलेह, मुक्ता वटी आदि शामिल हैं।

## एंटी करप्शन ब्यूरो ने पकड़ा आरटीओ का भ्रष्टाचार, वसूली करते हुए उड़नदस्ते की पूरी टीम को लिया हिरासत में

**राजस्थान की राजनीति/जयपुर**




राजस्थान के भरतपुर में एंटी करप्शन की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान रविवार को एसीबी की टीम ने हाईवे पर एक परिवहन निरीक्षक समेत पूरी उड़नदस्ते की टीम को ही हिरासत में ले लिया। परिवहन निरीक्षक की टीम पर रात को ट्रक चालकों से अवैध रूप से वसूली का आरोप हैं, जिन्हें एसीबी ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इस दौरान एसीबी की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया हैं। यह पहला मौका है, जब एसीबी की टीम ने किसी जिले के परिवहन विभाग में उड़नदस्ते की टीम को ही हिरासत में ले लिया।

### रात को अवैध रूप से ट्रैकों से करते थे वसूली

जानकारी के अनुसार भरतपुर में हाईवे पर परिवहन निरीक्षक सहित टीम के खिलाफ रात में गुजरने वाले ट्रैकों से अवैध रूप से वसूली करने का आरोप हैं। इसको लेकर काफी समय से एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायतें मिल रही थी। इसके चलते एसीबी की टीम ने रविवार अल सुबह ट्रैकों से वसूली कर रहे उड़न दस्ते की पूरी टीम को ही पकड़ लिया। इस दौरान एसीबी ने परिवहन निरीक्षक सहित पांच गार्डों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।

### आरटीओ और डीटीओ के बीच विवाद के चलते हुई कार्रवाई

जानकारी के अनुसार भरतपुर के डीटीओ और आरटीओ के बीच सामंजस्य नहीं बन पा रहा था। इसको लेकर दोनों की आपस में शिकायत सामने आई। इसके चलते एसीबी की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम देने का प्लान बनाया। राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि भरतपुर में इस तरीके का खेल चल रहा है। उड़नदस्ते की टीम रात के समय ट्रक चालकों से वसूली करती है। ऐसी शिकायत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अभी पकड़े गए अफसर और कर्मचारियों से पूछताछ चल रही है।

## नोट गिन-गिन मशीनें गर्म:

# जूता कारोबारियों पर छापे में 100 करोड़ की जब्ती, 30 घंटे तक 14 ठिकानों पर कार्रवाई

**राजस्थान की राजनीति/आगरा**

आयकर विभाग के छापे में तीन जूता कारोबारियों से 100 करोड़ रुपये की जब्ती का अनुमान है। शनिवार दोपहर 12 से रविवार शाम छह बजे तक 14 ठिकानों पर छापा जारी था। आलोक नगर स्थित हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग के घर से 60 करोड़ की नकदी मशीनों से गिनी जा चुकी थी। खबर लिखे जाने तक नोटों की गिनती जारी है। जयपुर हाउस स्थित आलोक नगर में हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग का घर है। घर में पलंग, अलमारी, जूते के डिब्बे, थैलों व दीवारों से भी 500-500 के नोटों की गड्डियां निकलीं। नोटों का जखीरा देखकर जांच टीमें भी दंग रह गईं। उच्च अधिकारियों को बताने के बाद नोटों की गिनती के लिए 10 से अधिक मशीनें मंगानी पड़ीं। नोट गिनते-गिनते मशीनें गर्म हो गईं। स्टेट बैंक के कर्मचारियों की मदद लेनी पड़ी। आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने नोटों की गिनती कराई। एमजी रोड स्थित बीके शूज के अशोक मिड्ढा और मंशु फुटवियर के हरदीप मिड्ढा के घर, गोदाम, फैक्टरी व प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई है। 30 घंटे से अधिक समय तक 14 ठिकानों पर चली कार्रवाई से शहर के घरेलू जूता कारोबारियों में खलबली मची रही। आयकर की जांच टीम में अन्वेषण शाखा के संयुक्त निदेशक डॉ. अमरजोत, उप निदेशक पंकज कुमार और उप निदेशक आशिमा महाजन शामिल रहीं। आयकर अधिकारियों ने जब्त की गई राशि की घोषणा नहीं की है। आयकर सूत्रों के अनुसार जब्त की गई राशि 100 करोड़ रुपये तक हो सकती है। जिनमें अधिकांश 500-500 के नोटों के बंडल है। आगरा में यह आयकर विभाग की अब तक का सबसे बड़ा छापा माना जा रहा है।






### आय से अधिक संपत्ति के दस्तावेज भी मिले

आयकर जांच टीम को जूता कारोबारी हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग के घर से आय से अधिक संपत्तियों के अलावा बैनामी संपत्तियों के दस्तावेज भी मिले हैं। जिन्हें टीम ने अपने कब्जे में लिया है। अन्य ठिकानों पर भी टैक्स में हेरफेर के दस्तावेज भी टीम के हाथ लगे हैं। कई दस्तावेजों में ब्याज का हिसाब-किताब भी दर्ज है। ऐसे में माना ज रहा है कि जूता कारोबारी बड़े पैमाने पर ब्याज पर रकम भी बांटता था।

### पर्चियों से हुआ पर्दाफाश

आगरा में घरेलू जूता कारोबार में नकद का भुगतान पर्चियां से होता है। सात मई को मतदान था। ऐसे में पर्चियां नहीं भुनाई जा सकीं। चुनाव के बाद पर्चियां भुनाए जाने की सूचना और टैक्स में हेराफेरी की शिकायत आयकर अधिकारियों तक पहुंची। जिसके बाद उन्होंने छापा मारा। पर्चियों से टैक्स में हेराफेरी का पर्दाफाश हुआ है।

### *यहां हुई कार्रवाई*

*आयकर विभाग ने एक ही टेंट वाले को सभी स्थानों पर गद्दे पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। विभाग ने पूर्ति निवास कमला नगर, ब्रज विहार कमला नगर, पूर्वी विला सूर्य नगर, एमजी रोड, रागिनी हाइट्स ए ब्लाक, शंकर ग्रीन, यूपीएसआइडीसी सिकंदरा, श्रीराम मंदिर मार्केट हींग की मंडी, प्रताप कालोनी धाकरान, आलोक नगर शाहगंज, विमल होटल के पास धाकरान चौराहा, न्यू गोविंद नगर शाहगंज, चारबाग शाहगंज स्थित जूता कारोबारियों के प्रतिष्ठान, फैक्ट्री व घर पर कार्रवाई की।*

## अंतरिक्ष में इंसानों को भेजना और अंतरिक्ष स्टेशन बनाना हमारा लक्ष्य: एस सोमनाथ

**सिलीगुड़ी**



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा है कि इसरो का लक्ष्य अंतरिक्ष में इंसानों को भेजना और अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाना है। एस सोमनाथ रविवार को पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी स्थित एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी दौरान उन्होंने इसरो की भविष्य की योजनाओं पर बात की। इसरो चीफ ने कहा कि चंद्रयान मिशन सफल रहा और इस सफल मिशन के बाद से दुनिया हमारी तरफ देख रही है। एस सोमनाथ ने कहा कि 'हमने अंतरिक्ष कानून संशोधन का 2020 में एलान किया है। साथ ही सरकार ने नई भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 का भी एलान किया है। इसके बाद निजी कंपनियां और संस्थान साथ मिलकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम कर पाएंगे। हम उम्मीद कर रहे हैं कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और इससे भी बढ़कर संस्थागत काम अंतरिक्ष के क्षेत्र में हो रहे हैं। हम भविष्य में अंतरिक्ष के क्षेत्र में क्या करना चाहते हैं, इसके लिए सरकार ने एक नया विजन दिया है।' इसरो चीफ ने कहा कि 'यह सब बेहद रोमांचक है। हम अंतरिक्ष में इंसानी गतिविधियों के बारे में जान सकेंगे और अंतरिक्ष स्टेशन भी बना सकेंगे। अंतरिक्ष क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी और इससे रोजगार, उद्योग और स्टार्टअप के अवसर बनेंगे।

## सलमान खान के घर पर फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर रोहित गोदारा को बनाया आरोपी

**जयपुर** देश के कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग को विदेश में बैठकर संचालित करने वाले गैंगस्टर रोहित गोदारा को मुंबई क्राइम ब्रांच ने सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग में आरोपी माना है। मुंबई पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों से हुई पूछताछ के बाद पता चला कि रोहित गोदारा ने भी शूटर्स को फायरिंग करने के लिए भेजा था। गैंगस्टर रोहित गोदारा और लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई मोबाइल एप के जरिए लगातार शूटर्स के संपर्क में थे। एप के जरिए कॉलिंग और चेटिंग के जरिए डायरेक्शन दिया गया। गोदारा और बिश्नोई ने ही शूटर्स को रुपए और हथियार उपलब्ध कराए। इसके बाद 14 अप्रैल की सुबह 5 बजे सलमान खान के घर पर शूटर्स ने फायरिंग की थी। फायरिंग के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को भी आरोपी बनाया है। अनमोल बिश्नोई भी रोहित गोदारा की तरह विदेश में छिपा हुआ है। इन दोनों के कहने पर ही हरियाणा के फतेहाबाद निवासी हैरी हरपाल और नागौर के बासनी निवासी मोहम्मद रफीक के जरिए दोनों शूटर्स को मुंबई में ठहरने का इंतजाम किया गया। वहीं पर उन्हें रुपए और हथियार उपलब्ध कराए गए थे।

## ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

# बारिश व घने कोहरे के कारण हादसा, रईसी अभी भी लापता

### पीएम मोदी ने सलामती की प्रार्थना की

**राजस्थान की राजनीति/दुबई।**

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे हेलीकॉप्टर को रविवार को पूर्वी अजरबैजान प्रांत में खराब मौसम की वजह से 'हार्ड लैंडिंग' करनी पड़ी। राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं मिल सकी है, लेकिन एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि वह सुरक्षित हैं और जमीनी रास्ते से तबरिज जा रहे हैं। इस बीच, बचाव दल लैंडिंग स्थल पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन खराब मौसम की वजह से इसमें बाधा आ रही है। लैंडिंग स्थल वन क्षेत्र है और वहां हवाओं के साथ भारी बारिश और कोहरे की सूचना है। देशभर में उनकी कुशलता के लिए प्रार्थना की जा रही है। ईरान के सरकारी टीवी के मुताबिक, रईसी पड़ोसी देश अजरबैजान की एक दिन की यात्रा पर गए थे, जहां उन्होंने अपने समकक्ष इल्हाम अलियेव के साथ मिलकर संयुक्त रूप से निर्मित एक बांध का उद्घाटन किया था। लौटते समय उनके हेलीकॉप्टर को अजरबैजान से लगती सीमा पर ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में स्थित शहर जोल्फा के नजदीक 'हार्ड लैंडिंग' करनी पड़ी। यह शहर राजधानी तेहरान के उत्तर-पश्चिम में करीब 600 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रपति के हवाई काफिले में तीन हेलीकॉप्टर थे, जिनमें से दो सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच गए। राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर में देश के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन, पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। एक स्थानीय सरकारी अधिकारी ने घटना के लिए 'क्रैश' शब्द का इस्तेमाल किया, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि वह अभी तक लैंडिंग स्थल



पर नहीं पहुंच पाए हैं। आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी ने सरकारी टीवी पर कहा कि बचाव दल क्षेत्र में जा रहे हैं, लेकिन खराब मौसम एवं कोहरे के कारण उन्हें हेलीकॉप्टर तक पहुंचने में समय लग सकता है। क्षेत्र थोड़ा उबड़-खाबड़ है और संपर्क करना मुश्किल है। सरकार बचाव दलों के लैंडिंग स्थल पर पहुंचने और अधिक जानकारी मिलने का इंतजार कर रही है। उल्लेखनीय है कि ईरान के पास कई प्रकार के हेलीकॉप्टर हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की वजह से ईरान के लिए उनके कलपुर्जे हासिल करना मुश्किल हो गया है। उसकी वायुसेना का अधिकांश बेड़ा भी 1979 से पहले का है। 63 वर्षीय रईसी एक कट्टरपंथी नेता हैं जो अतीत में देश की न्यायपालिका का नेतृत्व कर चुके हैं। उन्हें देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमनेई का शिष्य माना जाता है और उन्हें उनके उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता है।

### हेलीकॉप्टर में ईरानी राष्ट्रपति के साथ विदेश मंत्री और कई शीर्ष नेता भी सवार

हादसे के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, काफिले के एक हेलीकॉप्टर में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के साथ ही ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दोल्लाहियन भी सवार हैं। ईरानी मीडिया के अनुसार, ईरानी राष्ट्रपति के काफिले में तीन हेलीकॉप्टर थे और इनमें से दो हेलीकॉप्टर सुरक्षित अपने गंतव्य पर उतर चुके हैं।

## अब सीआईएसएफ संभालेगी संसद की सुरक्षा व्यवस्था, 3317 जवानों के ऊपर पूरी जिम्मेदारी

**राजस्थान की राजनीति/नई दिल्ली**



भारतीय लोकतंत्र के 'मंदिर' संसद की सुरक्षा अब से सीआईएसएफ करेगी। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो 1400 सीआरपीएफ कर्मचारियों की वापसी के बाद 3300 से अधिक सीआईएसएफ कर्मी सोमवार से संसद परिसर में पूर्ण आतंकवाद विरोधी और तोड़फोड़ विरोधी सुरक्षा कर्तव्यों को संभालेंगे। गौरतलब है कि सीआरपीएफ के पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) ने शुक्रवार को परिसर से अपने कमांडो, प्रशासनिक और परिचालन सामान, जैसे हथियार और कमांडों को हटा दिया है। भारत सरकार ने पुराने और नए संसद भवनों और संबंधित संरचनाओं की सुरक्षा के लिए कुल 3,317 सीआईएसएफ कर्मियों को शामिल किया है। 13 दिसंबर को हुई सुरक्षा चूक के बाद सरकार ने सीआरपीएफ को कार्यभार संभालने का निर्देश दिया। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सीआईएसएफ की आतंकवाद विरोधी इकाई 20 मई को सुबह 6 बजे से संसद परिसर का पूरा प्रभार ले लेगी। सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीआरपीएफ पीडीजी और दिल्ली पुलिस के जवान अब तक संसद की सुरक्षा करते थे। अब वे वापस ले लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पीडीजी कर्मियों को काफी दुख हुआ कि अपना सर्वश्रेष्ठ देने के बावजूद उन्हें यह कर्तव्य छोड़ना पड़ा। 13 दिसंबर को लोकसभा में उस वक्त हैरान करने वाला नजारा देखने को मिला था, जब दो युवक दर्शक दीर्घा से डेस्क पर कूदे और कलर स्मॉग निकालने लगे। इस दौरान पूरे हॉल में धुंआ हो गया। वहीं, उनके साथी भी संसद के बाहर इसी तरह का प्रदर्शन करने लगे। आरोपियों ने जांचकर्ताओं को बताया था कि उनका मकसद मणिपुर हिंसा, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करना था। इस मामले में कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ सख्त आतंकवाद विरोधी कानून गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## राजनाथ, राहुल और स्मृति समेत कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर, 5 वें चरण में 49 लोकसभा सीटों पर वोटिंग

**नई दिल्ली** छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीट पर सोमवार को पांचवें चरण के चुनाव के लिए मतदान होगा। इस चरण में दो 'हाई प्रोफाइल' सीट रायबरेली और अमेठी में भी मतदान होगा, जहां से क्रमश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मैदान में हैं। इनके अलावा इस चरण में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की चुनावी किस्मत का भी फैसला होगा। इस दौर में 4.26 करोड़ महिलाओं और 5,409 'थर्ड जेंडर' के मतदाताओं सहित 8.95 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं और 94,732 मतदान केंद्रों पर 9.47 लाख मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। सोमवार को महाराष्ट्र की 13, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, ओडिशा की पांच और जम्मू-कश्मीर तथा



लद्दाख की एक-एक सीट पर मतदान होगा। पांचवें चरण में जिन सीट पर मतदान होगा उनमें से 40 से अधिक सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास थी। मतदान की पूर्व संध्या पर, निर्वाचन आयोग ने रविवार को बताया कि मुंबई, ठाणे और लखनऊ के मतदाताओं ने अतीत में मतदान के प्रति उदासीनता दिखाई है और वहां के शहरवासियों से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। पिछले चार चरणों में अब तक कुल 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं जिनमें राजनाथ सिंह (लखनऊ, उत्तर प्रदेश), पीयूष गोयल (मुंबई उत्तर, महाराष्ट्र), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर, उप्र) और शांतनु ठाकुर (बनगांव, पश्चिम बंगाल), लोजपा (रामविलास) के नेता चिराग पासवान (हाजीपुर, बिहार), शिवसेना के श्रीकांत शिंदे (कल्याण, महाराष्ट्र) और भाजपा के राजीव प्रताप रूडी और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य (दोनों सारण, बिहार) शामिल हैं। ओडिशा के 35 विधानसभा क्षेत्रों में भी मतदान होगा, जहां बीजद अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक उम्मीदवारों में शामिल हैं। उत्तरी महाराष्ट्र और मुंबई महानगर क्षेत्र के 13 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा।

## शिक्षामंत्री के ओएसडी गुप्ता का शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने किया सम्मान



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** शिक्षा मंत्री के विशेषाधिकारी सतीश गुप्ता का रविवार को बूंदी में पहली बार आने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्वागत किया। बूंदी स्काउट भवन पर पहुंचने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेंद्र व्यास, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश गोस्वामी, चंद्र प्रकाश राठौर , ब्लाक आरपी योगेश शर्मा, मुकेश शर्मा ने गुप्ता को साफा व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

## परशुराम सेना के प्रदेशाध्यक्ष का जयपुर आगमन पर समाज बंधुओ ने किया जोरदार स्वागत





राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** परशुराम सेना जयपुर संभाग के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष पंडित मीत गौत्तम का जयपुर आगमन पर जोरदार स्वागत सत्कार किया । प्रदेश मीडिया प्रभारी पंडित धीरज मिश्रा ने बताया की परशुराम सेना ब्राह्मणों का अराजनैतिक संघठन है ।और आगामी कुछ समय में छोटी काशी के नाम से विख्यात जयपुर शहर में एक बड़े कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई है । जिसमे हजारों की संख्या में ब्राह्मणों को फरसा धारण करवाया जाएगा । प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान में प्रदेश संगठन मंत्री पंडित महावीर गौतम,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमार शर्मा,जयपुर जिला अध्यक्ष पंडित सत्यनारायण शर्मा, पं. चौथमल शर्मा, पं. विष्णु शर्मा, पं. विजय शास्त्री,लक्ष्मीनारायण शर्मा,चंद्रशेखर शर्मा आदि ब्राह्मण बंधु उपस्थित रहे। बैठक के पश्चात प्रमुख पदाधिकारियों सहित साथ हाथौज धाम पहूंच कर पीठाधीश्वर स्वामी बालमुकंदा आचार्य श्री का भगवान श्री परशुराम जी का चित्र (तस्वीर) भेंटकर, माला पहनाकर स्वागत किया।

## बीबीरानी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे फैली अव्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** क्षेत्र के बीबीरानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे फैली अव्यवस्थाओ से परेशान ग्रामीणो ने स्वास्थ्य केन्द्र के प्रांगण मे विरोध प्रदर्शन किया तथा स्वास्थ्य केन्द्र मे व्यवस्था सुधारने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणो ने बताया कि बीबीरानी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे 5 चिकित्सको के पद सृजित है। और इस समय 3 चिकित्सक कार्यरत है। उसके बावजूद भी ओपीडी के समय एक ही चिकित्सक उपलब्ध मिलता है। अन्य चिकित्सक हमेशा नदारद मिलते है। जबकि इस समय मौसमी बिमारियो के कारण मरीजो की संख्या बहुत अधिक आ रही है। ऐसे मे अस्पताल मे मरीजो को समय पर उपचार नही मिल पा रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणो ने बताया कि इस विषय मे पूर्व मे भी कई बार बीसीएमओ एवं सीएमएचओ से अवगत करा दिया गया है लेकिन व्यवस्था मे कोई सुधार नही किया गया जिसका खामियाजा मरीजो को भुगतना पड रहा है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन तैयार है तथा प्रभारी द्वारा नये भवन को हेण्ड ओवर भी कर लिया गया है। उसके बावजूद भी नये भवन मे सिफ्ट नही किया गया। जिससे अस्पताल मे आने वाले मरीजो को परेशानीयो का सामना करना पड रहा है। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे मरीजो के लिए पीने के पानी एवं वार्ड मे कूलर की कोई व्यवस्था नही है। ऐसे मे भर्ती मरीजो को टंकी का गर्म पानी पीना पड रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे अव्यवस्था होने के कारण ग्रामीणो ने रोष जताया है।

# पुरस्कृत शिक्षक फोरम की जिला स्तरीय बैठक स्काउट भवन में हुई संपन्न

### पुरस्कृत शिक्षकों की मांगों को रखेंगे शिक्षा मंत्री के समक्ष

### सरकार द्वारा की घोषणाएं हों पूरी

राजस्थान की राजनीति



**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत शिक्षक फोरम की जिला स्तरीय बैठक रविवार को स्काउट गाइड भवन बूंदी में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विशेषाधिकारी सतीश गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षक फोरम के सदस्य विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य कर प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि फोरम की मांग को शिक्षा मंत्री के समक्ष रखेंगे एवं समाधान का प्रयास करवाया जाएगा। यह बात गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि के पद से कही। गुप्ता ने पुरस्कृत शिक्षकों को आह्वान किया समाज के साथ जुड़ाव रखकर अपने दायित्व का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक का समाज में विशेष महत्व है।शिक्षक का दायित्व बनता है कि वह समाज को पूरा महत्व दे, विद्यालय में आने वाले अभिभावकों को सम्मान मिले। उन्होंने वर्तमान में मोबाइल व कंप्यूटर शिक्षा पर भी चिंता जताई है। अध्यक्षता करते हुए संयुक्त निदेशक श्रीमती तेजकंवर ने कहा कि शिक्षक समय के साथ चले।अपना सर्वस्व छात्रों की पढ़ाई व उन्हें अच्छे नागरिक बनाने में लगा दें। उन्होंने कहा कि 28 जुलाई को अर्थ डे पर स्कूलों में पौधरोपण का अभियान चलाया जाएगा जो रिकॉर्ड रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक बनकर काम करेंगे तो सरकारी संस्था उच्च स्तर पर पहुंच जाएगी।इस दौरान राधेश्याम लढ्ढा ने भी विचार व्यक्त किए। फोरम के जिलाध्यक्ष डा. आरके निर्मल ने फोरम की मांग अतिथियों के समक्ष रखी। उन्होंने फोरम के लक्ष्य व उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर 2023 में सम्मानित होने वाले शिक्षक महावीर काबरा और मनीषा कुमावत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत शिक्षक दिनेश विजयवर्गीय की पुस्तक ईमानदारी का उपहार का भी विमोचन किया गया। इसी दौरान सेवानिवृत एवं पुरस्कृत शिक्षक भवानी सिंह सोलंकी ने अपनी पुस्तक नैनवां का इतिहास और फोरम के जिलाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कुमार निर्मल ने भी अपनी पुस्तक पर्यटन एक नवीन अवधारणा मुख्य अतिथि को भेट की। बैठक में 1जिले के सभी पुरस्कृत शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया! फोरम के प्रवक्ता अशोक कुमार खींची ने बताया की राज्य सरकार द्वारा पुरुस्कृत शिक्षकों के लिए की गई घोषणाओं को पूरा करें। सेवानिवृत्त अवधि बढ़ाना, अतिरिक्त वेतन वृद्धि, जयपुर में आवासीय योजना में छुट, स्थानांतरण नीति में प्राथमिकता आदि मांगों पर चर्चा हुई। बैठक उमा हाडा, ज्योति भदेरिया, मीनाक्षी श्रृंगी , मोईनुद्दीन अंसारी, अभिषेक गौतम, धर्मेंद्र राठौर, राम कैलाश मीणा, आदि पुरस्कृत शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष नवनीत जैन ने किया। सचिव गुरमीत कौर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मॉडल स्कूल हिण्डोली के उपाचार्य फोरु लाल रेगर, लोकेश नागर, ज्योति प्रकाश ने सेवा कार्य किया।

### एक एलडीसी और नायब के भरोसे हरसौली का तहसील कार्यालय

# .14 पद चल रहे है रिक्त, ग्रामीणो के अटके सभी राजस्व संबंधी कार्य

राजस्थान की राजनीति




**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** कोटकासिम की सबसे बडी ग्राम पंचायत हरसौली के तहसील कार्यालय मे अधिकारी व कर्मचारियो के पद रिक्त होने से हाल-बेहाल हो गये है। वही काश्तकारो के समय पर राजस्व संबंधी कार्य नही होने से बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने पड रहे है। स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं प्रबुद्ध नागरिको का कहना है कि इस विषय मे विभाग के अधिकारयो को कई बार अवगत कराये जाने के बाद भी हरसौली तहसील कार्यालय के हालात सुधरने के नाम नही ले रहे है। गौरतलब रहे कि पिछले तीन माह से तहसील कार्यालय पर तहसीलदार का पद रिक्त चल रहा है। मुण्डावर के तहसीलदार को हरसौली तहसील का अतिरिक्त भार दिया हुआ है। वे सप्ताह मे कबी-कबार आते है। वही हरसौली के नायब तहसीलदार अजीत सिंह को कोटकासिम तहसील कार्यालय का अतिरिक्त कार्यभार सौपा हुआ है। जिसके चलते नायब तहसीलदार भी हरसौली तहसील मे देर समय मे पहुंचते है। ऐसे मे किसानो,विद्यार्थियो सहित आमजन को भारी परेशानीयो का सामना करना पड रहा है। इसके अलावा हरसौली तहसील मे एलडीसी, यूडिसी, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य कर्मचारियो के 15 पद स्वीकृत है। इनमें 14 पद रिक्त चल रहे है। तहसील कार्यालय मे एक एलडीसी भी कोटकासिम से डेपूटेशन पर हरसौली मे लगा हुआ है। उसे कम्प्यूटर का ज्ञान नही होने से भी तहसील का काम पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए तहसीलदार के हस्ताक्षर कराने के लिए लोगो को मुण्डावर जाना पड रहा है। वही हरसौली तहसील मे रजिस्ट्री आदि कार्यो के लिए ग्रामीणो को तहसीलदार व नायब तहसीलदार के इंतजार मे सुबह से शाम तक बैठना पडता है। देर रात तक रजिस्ट्री चलाने का कार्य होता है। आपको बात दे कि हरसौली तहसील क्षेत्र मे 9 पटवार मंडल है। इनमे 5 पटवारी ही कार्यरत है। हरसौली, जोनाल, पाटन अहिर और दोलत नगर माजरा पटवार मंडल मे पटवारी के पद रिक्त चल रहे है। करीब तीन माह पहले तत्कालीन तहसीलदार निकिता पूनीया को क्षेत्राधिकार के बाहर अचल संपत्तियो के बेचान से संबंधित पावर ऑफ अटोर्नी वसीयतनामा आदि को अवैध रूप से रजिस्टर्ड करने की मांग मे निलंबित कर दिया गया था। उसी समय से हरसौली तहसीलदार का पद रिक्त चला आ रहा है जिससे काश्तकारो, विद्यार्थियो सहित ग्रामीणो के सभी प्रकार के कार्य अटके होने के कारण काफि परेशानीयो का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणो ने जिला कलेक्टर से हरसौली तहसील मे तहसीलदार सहित अन्य रिक्त पदो पर अधिकारी व कर्मचारी लगाने की मांग की है।

# किर्गिस्तान में फंसे जिले के एमबीबीएस छात्रों के परिजनों को कलेक्टर ने हर संभव मदद का दिया भरोसा

### किर्गिस्तान के स्थानीय छात्रों ने पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित अन्य देशों के छात्रों पर किये हमले

राजस्थानकी राजनीति



**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** किर्गिस्तान हिंसा में फंसे महवा विधानसभा क्षेत्र के बड़ागांव निवासी सत्येंद्र फागना से विधायक राजेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया के जरिए बातचीत कर वहा फंसे महवा विधानसभा क्षेत्र के सभी छात्रों के बारे में जानकारी ली और उन्हें सावधानी बरतने के लिए कहा। आपको बता दें कि यह छात्र किर्गिस्तान में एमबीबीएस की तैयारी कर रहे हैं। इधर दौसा जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने बताया कि दौसा जिले के 4 स्टूडेंट्स की फिलहाल पुष्टि हुई है और महवा स्थानीय प्रशासन से जो यथासंभव जो मदद हो सकती है राज्य सरकार और केंद्र सरकार से यहां स्टूडेंट्स के बारे अवगत करवाया गया है लगातार वार्तालाप कि जा रही हाईअथॉरिटीज को इस संबंध में अवगत करवाएंगे ताकि हर संभव स्टूडेंट्स की मदद कि जा सके। जिला प्रशासन की ओर विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हर प्रकार से सहायता कि जावेगी महवा प्रशासन की स्टूडेंट से बात हुई है डीएम देवेन्द्र कुमार ने बताया किर्गिस्तान में हमारे यहां बच्चे सुरक्षित है जल्द से जल्द बच्चों को वतन वापसी लाने का काम कि जावेगा कलेक्टर देवेन्द्र कुमार का कहना है कि है अभी चार स्टूडेंट्स की जानकारी जिला प्रशासन के पास यदि जिले के और भी स्टूडेंट्स किर्गिस्तान में है तो उनके पेरेंट्स हमसे संपर्क कर सकते हैं। राहुल पुत्र महेश निवासी कुतकपुर, सत्येन्द्र पुत्र हाकिम गुर्जर निवासी बडागाँव,सुनील पुत्र समय सिंह निवासी खेड़ला,आयुष भारद्वाज निवासी महवा के बारे में जानकारी मिल पाई है और इस मामले पर पूरी तरह नजर है। इस मामले पर राज्य सरकार और केंद्र सरकार से बराबर संपर्क है।

## कोटकासिम थाना पुलिस मे नाबालिका के साथ दुष्कर्म का मामला हुआ दर्ज

### परिक्षा परिणाम जानने के लिए गई नाबालिग को किया अगवाह

राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** स्थानीय थाना पुलिस मे एक 9वीं कक्षा की छात्रा नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 मई को एक नाबालिग छात्रा अपने घर से स्कुल मे परीक्षा परिणाम जानने के लिए गई थी। उसी समय रास्ते मे 2 युवको ने छात्रा को पकडकर अगवाह कर लिया तथा दोनो आरोपियो ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद छात्रा को उसकी विडियो वायरल तथा परिवार को जान से मारने की धमकि दी। वही पीडित छात्रा कि मां ने पुलिस मे मामला दर्ज कराया है कि 9 मई को मेरी लडकी अपने घर से स्कुल मे परीक्षा परिणाम जानने के लिए गई थी। रास्ते मे गांव कैरवा निवासी नितिन पुत्र शेरसिंह गुर्जर एवं उसके एक साथी ने मिलकर छात्रा को अगवाह कर लिया तथा उसके साथ दोनो ने दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद दोनो ने नाबालिक को विडियो वायरल एवं परिवार को जान से मारने की धमकि दी। पुलिस ने मामाल दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मोहिनी एकादशी पर चला दान-पुण्य का दौर

### जगह-जगह राहगीरो को पीलाया शरबत

### पक्षियो के लिए लगाये परिंडे



राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** रविवार को मोहिनी एकादशी पर कोटकासिम सहित क्षेत्रभर मे ग्रामीणो द्वारा दान-पुण्य का दौर चलाया गया। इस अवसर पर प्रचंड गर्मी को देखते हुए राहगीरो के लिए मिठे ठंडे जल एवं शरबत की व्यवस्था जगह-जगह की गई। किशनगढ रोड पर पंचमुखी हनुमान मंदिर पुर गांव सहित विभीन्न स्थानो पर आने-जाने वाले राहगीरो के लिए जल सेवा की गई। इसके अलावा मुख्य सडक मार्गो पर छबीलो पर युवाओ ने वाहनो को रूकवा-रूकवाकर यात्रियो के लिए मीठे ठंडे जल की सेवा उपलब्ध कराई तथा पुण्य कमाया। इसके अलावा कस्बे मे पवित्र मनन दीप द्वारा सार्वजनिक स्थानो पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर दाने डाले गए। इस दौरान गुरुदेव भास्कर भारद्वाज ने कहा की प्राणी मात्र की सेवा करना हमारा धर्म भी है और कर्तव्य भी है। गुरुदेव ने कहा अध्यात्म की शुरुआत सेवा से ही होती है और सेवा करने से हमारा अहंकार दूर होता है और हम प्रभु भक्ति की और बढ़ते हैं। इस दौरान पवित्र मनन दीप सत्संग सेवा संस्थान कोटकासिम के संस्थापक एवं विख्यात ज्योतिषी गुरुदेव भास्कर भारद्वाज, सत्संग सचिव संस्कार उर्फ गोली प्रजापत, मीडिया प्रभारी पवन योगी, भजन गायक कालू राजा, हीरालाल लखेरा, राजेश कुमार शहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।

## नगला डिप्टी में भागवत कथा का शुभारम्भ, कलश यात्रा में उमडे श्रद्वालु



राजस्थान की राजनीति

**नदबई।** श्री राधाकृष्ण भक्त मण्डल एवं गांव की समस्त सरदारी की ओर से सन्त अमरदास महाराज के सानिध्यं में ग्राम पंचायत पहरसर के गांव नगला डिप्टी स्थित श्री राधाकृष्ण जी मन्दिर पर कलश यात्रा व देवी-देवताओं के जयकारे के साथ भागवत कथा का शुभारम्भ हुआ। कथा वाचक पुरूषोत्तम कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण व श्रीराम का गुणगान करने से पापी व्यक्ति को पाप से मुक्ति प्राप्त हो जाती है और ईश्वर का परम भक्त बन कर मानव सेवा कर भक्ति में लीन हो जाता है। उन्होने कहा कि ईश्वर को हमेशा भक्त ही सबसे प्रिय लगता है,ईश्वर अपने भक्त के लिए कुछ भी कर सकते है। हमें अपना उद्धार करने के लिए ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए और मानव व मूक-बधिर प्राणियों की निःस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम के प्रभारी व सन्त अमरदास महाराज ने बताया कि गांव नगला डिप्टी में सर्व समाज के द्वारा भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है,जिसका समापन 23 मई को होगा। श्री वृन्दावन धाम के पुरूषोत्तम कृष्ण शास्त्री कथा वाचक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक कथा सुनाऐंगे। साथ ही मथुरा, वृन्दावन, भरतपुर, छौकरवाडा कलां,भुसावर आदि स्थान के विद्वान पण्डित प्रतिदिन हवन व पूजा-अर्चना के साथ भजन सध्यां आदि धार्मिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दे रहे है। उन्होने बताया कि नगला डिप्टी,पहरसर,गादौली,सेवला,शाहपुर आदि गांवों के लोगों का विशेष योगदान है,जो प्रतिदिन भागवत कथा में भाग ले रहे है। गांव गादौली के शिक्षाविद्व व नेहरू विद्यालय के एमडी करन सिंह यादव ने कथा वाचक पुरूषोत्तम कृष्ण शास्त्री एवं सन्त व पण्डित आदि का सम्मान किया।

## बाइक को टक्कर मार पलटी बोलेरो, एक युवक की मौत

**भीलवाड़ा**



भीलवाड़ा में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल दोनों भाइयों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना क्षेत्र का है। लुहारिया कस्बे में रहने वाले चचेरे भाई अल्ताफ पिता बाबू खान (25) और मुनीर पिता मकबूल खान (22) रविवार को लुहारिया से बाइक पर भीलवाड़ा के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान गंगा खेड़ा के पास बाइक को एक बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद बोलेरो भी पलटी खा गई। कार ड्राइवर मौके से भाग निकला। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। वहां मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल भिजवाया। डॉक्टर ने अल्ताफ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अल्ताफ के शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम किया गया। घायल मुनीर का हॉस्पिटल में इलाज जारी है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है।

## चोरों ने मकान से 50 हजार नगदी, जेवरात चुराए, मंगलसूत्र तोड़ते समय जागी महिला, तीन चोर फरार हुए

**सीकर**

सीकर के खंडेला इलाके में चोरों ने घर में चोरी की। घर में सो रही महिला का मंगलसूत्र तोड़ते समय महिला जाग गई। लेकिन चोर मौका पाकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सीकर के खंडेला इलाके के कोटड़ी लुहारवास के रहने वाले ताराचंद ने पुलिस में रिपोर्ट देकर बताया है कि 18 मई की रात 3 से 3:30 बजे के बीच चोर उनके घर में घुसे। जिन्होंने एक कमरे के बक्से में रखे 50 हजार रुपए की नगदी सहित अन्य सामान चुरा लिया। वही चोरों ने दूसरे कमरे में सो रही ताराचंद की प%ी के गले से मंगलसूत्र तोड़ा। मंगलसूत्र तोड़ते समय अचानक उसकी प%ी जाग गई। और चिल्लाने लगी तो उसकी आवाज सुनकर ताराचंद वहां गया। ताराचंद ने देखा कि एक व्यक्ति कमरे में से भाग रहा है। वही बाहर गेट पर भी दो आदमी खड़े थे। तीनों वहां से साथ में भाग गए। फिलहाल खंडेला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिव्यांग के मुंह में कपड़ा ठूंस कर की हैवानियत, परिजनों ने पकड़ा, खंभे से बांधकर काट दिए सिर के बाल



**दौसा**

प्रदेश में डबल इंजन की सरकार भाजपा में महिला अपराध पर लगाम लगाने साथ महिला सुरक्षा दावा किया था, लेकिन दौसा जिले में महिला अपराध लगातर बढ़ रहा है। ताजा मामला दौसा जिले के राहुवास का है। यहां शुक्रवार रात एक दिव्यांग विवाहिता के मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके साथ हैवानियत की गई। इस वारदात के दौरान आरोपियों को परिजनों ने पकड़ लिया। परिजनों ने आरोपी के मारा-पीटा और उसके सिर के बीच से बाल काट दिए। जानकारी के अनुसार राहुवास गांव में शुक्रवार रात करीब 12 बजे बदमाश आरोपी दिव्यांग महिला के कमरे में घुस गया। विवाहिता चिल्ला न सके, इसलिए उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। जैसे-तैसे महिला ने कपड़ा हटाया और चिल्लाने लगी। आवाज सुनकर उसका पति और परिजन मौके पर पहुंचे और आरोपी को दबोच लिया। लोगों ने आरोपी को रातभर अर्धनग्न हालत में पिलर से बांधे रखा। आरोपी के सिर के बाल काट दिए। आरोपी की जेब से गोलियां भी मिली हैं। घटना की सूचना पर शनिवार सुबह 6 बजे पहुंची पुलिस ने आरोपी को वहां से छुड़ाकर हिरासत में लिया। उधर, पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मेडिकल की कार्रवाई शुरू कर दी है। 40 वर्षीय पीड़िता ने शनिवार सुबह पति के साथ राहुवास थाने में मामला दर्ज करवा दिया है। इधर, बताया जा रहा है कि पीड़िता दो बच्चों की मां है। साथ ही दोनों पैरों से दिव्यांग है। पुलिस ने आरोपी बाबूलाल के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच राहुवास थानाधिकारी रघुवीर सिंह कर रहे हैं।

## धौलपुर में रिकॉर्ड 46.7 डिग्री पर पहुंचा पारा, सीजन का सबसे गर्म दिन रहा



**धौलपुर**

मई महीने में ही गर्मी ने पूरी तरह तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इस बार के सीजन में 2 दिन पहले ही धौलपुर जिले में सर्वाधिक तापमान 46.5 डिग्री दर्ज किया गया था। उस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए रविवार को जिले का तापमान 46.7 डिग्री पहुंच गया। इससे दिनभर बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। मौसम विभाग ने पहले ही मई महीने में तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई थी। जिसके बाद से ही धौलपुर जिले में प्रतिदिन तापमान में बढ़ोतरी नजर आ रही है। रविवार दोपहर 1 बजे धौलपुर में सबसे अधिक तापमान 46.7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि जिले का न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री दर्ज किया गया है। जिले में प्रतिदिन गर्मी के बढ़ने के संकेत दिए जाने के बाद रविवार को दिनभर बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। शहर की मुख्य सड़क दोपहर 11 बजे बाद से ही खाली नजर आई। जिले में सुबह 10 बजे तापमान 42 डिग्री को पार कर गया। जिले में प्रतिदिन हो रही तापमान में बढ़ोतरी को लेकर मौसम विभाग ने पूर्व में ही अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 10 दिनों तक तापमान में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि होगी। जिसके चलते लोगों को बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है।

# राजस्थान में 'राजा-रानी' की लड़ाई!

# पत्नी मारती है, भरपेट खाना भी नहीं देती: विश्वेंद्र सिंह

## महाराजा विश्वेंद्र सिंह का बेटे पर भी बड़ा आरोप

## विश्वेंद्र सिंह ने कोर्ट में कहा- मेरे कपड़े कुएं में फेंके, पत्नी का करोड़ों की ज्वेलरी पर कब्जा

**राजस्थान की राजनीति/भरतपुर**

गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे विश्वेंद्र सिंह को उनकी पत्नी और बेटे पीटते रहते हैं। भरपेट खाना तक नहीं देते। भरतपुर राजघराने के पूर्व सदस्य और पूर्व मंत्री ने उपखंड अधिकारी के ट्रिब्यूनल में एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी पत्नी और बेटे पर इस तरह के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पत्नी और बेटे से तंग आकर उन्होंने अपना घर तक छोड़ दिया है। वरिष्ठ नागरिक होने के नाते पूर्व मंत्री ने अपनी पत्नी पूर्व सांसद दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध सिंह भरण पोषण के लिए 5 लाख रुपये प्रति महीने का भत्ता भी मांगा है।







### पिता के आरोप झूठे, उन्होंने फाइनेंशियल फॉड किया: अनिरुद्ध

पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह की ओर से पत्नी और बेटे पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद उनके बेटे अनिरुद्ध की प्रतिक्रिया सामने आई है। अनिरुद्ध ने पिता के आरोपों को झूठा करार दिया है। अनिरुद्ध ने कहा कि उनके पिता ने फाइनेंशियल फॉड किया है। गलत तरीके से संपत्ति का बेचान किया है, जिनके साक्ष्य उनके पास हैं। अनिरुद्ध ने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे सभी साक्ष्य एसडीएम कोर्ट में पेश कर देंगे।

### एसडीएम को दिए परिवाद में विश्वेंद्र सिंह ने लगाए ये गंभीर आरोप

- पत्नी और बेटा उनके साथ बगावत जैसा बर्ताव करते हैं। उनके पहनने वाले कपड़े फाड़कर कुछ कुए में फेंक दिए और कुछ जला दिए गए। संपत्ति से जुड़े भी फाड़कर नष्ट कर दिए गए।
- उन्हें एक कमरे तक सिमित कर दिया। कमरे से बाहर नहीं जाने दिया जाता। अगर कोई लोग मिलने आना चाहते हैं तो मिलने भी नहीं दिया जाता।
- बिना अनुमति के बाहर नहीं जाने दिया जाता और किसी को अंदर नहीं आने दिया जाता। गाड़ी का ड्राइवर भी हटा दिया है। जिंदगी खानाबदोश जैसी हो गई है।
- बार-बार दुर्व्यवहार से परेशान होकर उन्होंने घर छोड़ दिया। कभी सरकारी निवास तो कभी होटल में अपना समय गुजारते हैं। जब वे भरतपुर जाते हैं तो अब उन्हें घर में घुसने नहीं दिया जाता।
- परिवाद में पत्नी दिव्या सिंह पर आरोप है कि 912 लाख रुपए के आभूषण और 25 लाख रुपए के अन्य आभूषणों पर दिव्या सिंह कब्जा कर लिया है। उनके घर में भी करोड़ों रुपए की एंटिक वस्तुएं हैं जो उन्हें नहीं दी जा रही है।
- सोशल मीडिया पर लगातार विभिन्न प्रकार की टिप्पणियां करके बेइज्जत करने के प्रयास किए गए हैं। विश्वेंद्र सिंह ने अपनी जान को खतरा बताया है और कहा कि घर में साथ रहना अब संभव नहीं है।

### मोती महल और कोठी दरबार खाली कराने की गुहार भी लगाई



एसडीएम कोर्ट में लगाए गए प्रार्थना पत्र में पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने यह भी गुहार की है कि मोती महल और कोठी दरबार उनका निवास स्थान है। इन दोनों भवनों पर पूर्व सांसद पत्नी दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध सिंह ने कब्जा कर रखा है। विश्वेंद्र सिंह ने इन भवनों को खाली कराने की गुहार लगाई है। पूर्व मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने एसडीएम कोर्ट में लगाए गए परिवाद में लिखा है कि वे हृदय रोग से पीड़ित है। दो स्टंट लगे होने के कारण टेंशन सहन नहीं कर सकते। 2021 और 2022 में दो बार कोरोना की चपेट में आ गए थे लेकिन पत्नी और बेटे ने कोई सहायता नहीं की। यहां तक कि मिलने और देखने तक नहीं आए। टेलीफोन पर बात करके भी हालचाल नहीं पूछा। विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें अपने पिता से वसीयत के जरिए मिली संपत्तियों के हकदार केवल वही हैं, और कोई नहीं।

### बेटा और पत्नी मुझे मारना चाहते थे: विश्वेंद्र

कोर्ट में दिए एप्लिकेशन में विश्वेंद्र सिंह ने पत्नी और बेटे पर उन्हें मारने की साजिश तक का आरोप लगाया है। इनका मंतव्य है कि मेरी जीवनलीला समाप्त हो जाए। जिसके बाद ये पूरी संपत्ति को हड़प सकें। मुझे उम्मीद थी कि शायद आगे इनका व्यवहार सुधर जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। पत्नी -बेटे ने रहने के मेरे एक कमरे को भी बंद कर दिया और जबरन घर से बाहर कर दिया, इसलिए घर छोड़कर जाना पड़ा। घर से निकलते वक्त जो कुछ कपड़े थे वो लेकर आ गया। मुझे तब से ही ऐसा रहना पड़ रहा है।

### 'मैं हार्ट पेशेंट हूं, टेंशन मेरे जीवन के लिए घातक'

सिंह ने लिखा है कि मैं हार्ट पेशेंट हूं। इलाज दौरान दो स्टेंट डले होने के कारण टेंशन सहन नहीं कर सकता। टेंशन मेरे जीवन के लिए घातक है। साल 2021 व 2022 में दो बार कोरोना हुआ, लेकिन बेटे- पत्नी ने कोई शारीरिक, मानसिक, आर्थिक सहायता नहीं की। पिता से वसीयत में मिली संपत्तियों पर मेरा स्वामित्व है। पत्नी और बेटे ने मेरे पहनने के कपड़े कुएं में फेंक दिए। कागजात, रिकॉर्ड आदि फाड़ दिए और कमरों से सामान बाहर फेंक दिया। चाय पानी बंद करा दिया है। उन्होंने कोर्ट में कहा कि पत्नी -बेटे को सोशल मीडिया के जरिए मुझे बदनाम करने से भी रोका जाए।

### मैंने मुंह खोला दिया तो... दिव्या सिंह



पूर्व मंत्री विश्वेन्द्र सिंह की ओर से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद उनकी पत्नी पूर्व सांसद दिव्या सिंह और बेटा अनिरुद्ध सिंह मीडिया के सामने आए। दिव्या सिंह ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर उन्होंने मुंह खोल दिया और बता दिया कि उनके साथ पिछले 30 सालों में क्या-क्या हुआ तो मामला सुप्रीम कोर्ट तक चला जाएगा। दिव्या सिंह ने कहा कि भगवान हर मां को अनिरुद्ध जैसा बेटा दे, जो अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा सके।

## जोधपुर में हाईवे पर भीषण हादसा,3 मजदूरों को बेकाबू ट्रक ने बुरी तरह रौंदा, हुई दर्दनाक मौत

**जोधपुर**



राजस्थान के जोधपुर में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया। इसमें हाईवे पर बेकाबू एक ट्रक ने बोलेरो कर को टक्कर मारने के बाद हाईवे पर काम कर रहे तीन मजदूरों का काल बन गया। इस दौरान ट्रक ने तीनों मजदूरों को बुरी तरह कुचल दिया। इस हादमें दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक मजदूर ने अस्पताल ले जाते हुए दम तोड़ दिया। घटना से हाईवे पर कोहराम मच गया। इस दौरान राजीव गांधी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को अपने कब्जे में लिया। इधर, ट्रक चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया।

### हाईवे पर काम कर रहे तीन मजदूरों को रौंद गया ट्रक

रोंगटे खड़े कर देने वाली यह घटना जोधपुर के राजीव गांधी थाना क्षेत्र के तिलवाड़िया फांटा के पास हुई। जहां रविवार दोपहर 12.30 बजे के करीब हाईवे पर एक बेकाबू ट्रक ने तेजी से आते हुए बोलेरो कार को टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क पर फेंसिंग का काम कर रहे तीन मजदूरों को बुरी तरह कुचल दिया। इस घटना में दो मजदूरों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक मजदूर को अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

### हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार

इस दौरान हादसा इतना भीषण था कि दो मजदूरों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं ट्रक की टक्कर से बोलेरो कार का एक तरफ का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हाईवे पर मजदूर फेंसिंग का कार्य कर रहे थे। इस दौरान तीनों मृतक मजदूर इस बात से बेखबर थे कि कुछ ही पल में तेज रफ्तार से ट्रक उनका काल बन जाएगा। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। इधर, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## सोते परिवार पर आधी रात गिरी छत, मां-बेटी की मौत

### लाइट जाने की वजह से पति बाहर टहल रहा था, तभी धमाका हुआ

**भीलवाड़ा**



घर में सो रहे परिवार पर अचानक छत भराभराकर आ गिरी। मां-बेटी की मौत हो गई। दूसरी बेटी घायल हो गई। पति बाल-बाल बच गया। लाइट नहीं होने के कारण घटना से कुछ ही क्षण पहले पति बाहर टहलने निकला था। मामला भीलवाड़ा के बड़लियास इलाके का है। बड़लियास के रहने वाले भैरूसिंह (45) ने बताया- शनिवार रात खाना खाकर मैं, प%ी राधा (40), बड़ी बेटी सपना (13) और छोटी बेटी गणी (8) रात 10 बजे बरामदे में सोए थे। आजकल गांव में बिजली कटौती चल रही है। रात 12 बजे अक्सर लाइट चली जाती है। इसलिए कुछ दिन से घर के बरामदे में ही पूरा परिवार सो रहा है, ताकि ज्यादा गर्मी न लगे। भैरू सिंह के अनुसार, रात 12 बजे के करीब बिजली चली गई। प%ी और बेटियां सो रही थीं। मेरी आंख खुली। मुझे बेचैनी हुई तो मैं बरामदे से निकल कर घर के सामने टहलने लगा। लाइट जाने के कारण पूरा मोहल्ला अंधेरे में डूबा था। पांच मिनट बाद ही तेज धमाका हुआ और मकान का बरामदा धराशायी हो गया। इसके साथ-साथ सीढ़ियां भी ध्वस्त हो गईं। छत की पट्टियां और मलबा प%ी और बेटियों पर आ गिरा। मैं चीखने लगा। किसी तरह एक बेटी को मलबे से निकाला। मोहल्ले के लोग भी जुट गए। लोगों ने अपने स्तर पर टॉर्च आदि से उजाला किया और बचाव की कोशिश की। अंधेरा होने के कारण लोगों को राहत बचाव कार्य में परेशानी का सामना करना पड़ा। देर रात सरपंच प्रकाश चंद्र रेगर व पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह भी मौके पर पहुंचे। बड़लियास थाना इंचार्ज सिद्धार्थ प्रजापत ने बताया- प%ी और बड़ी बेटी पूरी तरह मलबे में दब चुकी थीं। पुलिस ने लोगों की मदद से प%ी और दूसरी बेटी को मलबे से निकाला। घायल बेटी गणी को सवाईपुर सीएचसी लेकर गए। यहां से 108 एंबुलेंस से महात्मा गांधी हॉस्पिटल भीलवाड़ा भिजवाया गया।

## श्मशान में दफन शव को निकाल कर रसोई में जलाया, बदला लेने के लिए साजिश रची

**पोखरण**



आपसी रंजिश में एक परिवार से बदला लेने के लिए सिरफिरे युवक ने श्मशान में दफनाया शव खोद कर बाहर निकाला और रसोई में लाकर जला दिया। वह 15 किमी दूर से बाइक पर लादकर शव को लाया था। घर के लोग उस वक्त जागरण में गए थे। युवक को भागते हुए पड़ोस में रहने वाले मकान मालिक के छोटे भाई ने देख लिया। उसने अंदर जाकर देखा तो शव के साथ रसोई का सामान जल रहा था। मामला जैसलमेर के पोकरण के भणियाणा थाना क्षेत्र का 17 मई सुबह 5 बजे का है। पुलिस ने आरोपी को 18 मई की शाम को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में रंजिश को लेकर पूछताछ की जा रही है। भणियाणा थानाधिकारी देवाराम ने बताया कि दूधली की ढाणी के रहने वाले हेम सिंह पुत्र बगतसिंह के परिवार और आरोपी लक्ष्मणराम (22) पुत्र करनाराम सुथार के बीच पुराना विवाद है। हेम सिंह का कुछ साल पहले निधन हो चुका है। घर में उनकी बेटी और प%ी रहती हैं। हेम सिंह के 3 बेटे भी हैं जो शेरगढ़ (जोधपुर) में रहकर होटल चलाते हैं। आरोपी जसवंतपुरा (जैमला) पुलिस थाना साकडा का रहने वाला है। आरोपी लक्ष्मणराम चार भाई हैं। सभी लकड़ी का काम करते हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी 17 मई को अंधेरे का फायदा उठा कर हेम सिंह के घर में घुसा और शव लाकर रसोई में जला दिया। घटना के समय हेम सिंह का परिवार घर में नहीं था। प%ी जागरण में पीहर गई हुई थी। वहीं बेटी पड़ोस में रहने वाले हेम सिंह के भाई धन सिंह के यहां थी। धनसिंह ने ही आरोपी को घर के बाहर से बाइक पर भागते देखा। शक होने पर घर के अंदर जाकर देखा तो गैस टंकी व चूल्हे के पास शव व रसोई में पड़ा जल रहा था इसके साथ ही रसोई में रखे सामान में भी आग लगी थी। इसके बाद भाई ने मामला दर्ज करवाया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, सरदार सिंह की ढाणी के रहने वाले रेवंताराम पुत्र सोनाराम मेघवाल का 40 दिन पहले निधन हो गया था। जिनका भणियाणा में श्मशान में शव दफनाया गया था। आरोपी ने निकालकर हेम सिंह के परिवार को फंसाने के लिए उसके घर ले जाकर जला दिया। ग्रामीणों के अनुसार, यहां मेघवाल समाज में शव को दफनाने की परंपरा है। जानकारी के अनुसार, लक्ष्मणराम ने शुक्रवार रात को भणियाणा के श्मशान से खोदकर शव को निकाला था। इसके बाद रात के अंधेरे में बाइक पर ही बॉडी को रखकर 15 किलोमीटर दूर हेम सिंह के घर पहुंचा। 17 मई रात को घर में शव को लेकर घुसा। वहां रसोई में शव को रखकर तेल छिड़कर आग लगा दी। सुबह पांच बजे घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था।

# और अब नामांकन भी बन गया उत्सव ...



निर्मल रानी

सरकारी खर्च पर बड़े बड़े आयोजन करना चुनावी सभाओं व रैलियों को करोड़ों खर्च कर उत्सव का रूप देना, अपनी छवि चमकाने के लिया एजेंसियां अनुबंधित करने व विज्ञापन आदि पर जनता का पैसा खर्च करना भी इनके शगल में शामिल है। गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान सी प्लेन मोदी ने सी प्लेन उद्घाटित किया और वोट बटोरने की कोशिश की परन्तु बाद में वह सेवा ही बंद हो गयी। जी एस टी जैसा कथित तौर पर व्यावसायिक विरोधी कहा जाने वाला कानून जिस रात लागू हुआ उस रात तो ऐसा जश्न मनाया गया गोया देश को नई आजादी मिली हो।

चाहे वह प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह हो, चुनाव प्रचार में रैली या रोड शो करना हो,जी एस टी जैसी नीति लागू करनी हो यहां तक कि कोविड जैसी विश्व की अब तक की सबसे बड़ी आपदा ही क्यों न हो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन जैसे सभी अवसरों में उत्सव तलाशने में विशेष महारत रखते हैं । हालांकि समय समय पर जरुरत के अनुसार वे यह भी बताने से भी नहीं चूकते कि उनकी परवरिश बेहद गरीबी में हुई। वह सार्वजनिक तौर पर भी कई बार अपनी गरीबी का जिक्र करते हुये अपने बचपन की कई दास्तानें सुना चुके हैं। वे स्वयं अपने व अपनी मां के पीड़ादायक दिनों का जिक्र करते हुये बता चुके हैं -कि बेचारी मेरी मां बर्तन साफ किया करती थीं। मैंने अपनी मां को दूसरों के घरों में बर्तन मांजते देखा है। साथ ही वह हमारा पालन पोषण भी बखूबी करती थीं। उन्होंने यह भी बताया था कि - हम बिनौले छीलते थे, सुबह बेचने जाते थे, जिससे हमें जीने के लिए कुछ मजदूरी मिलती थी। मोदी ने कहा कि मजबूरियों से घिरी मां के बोझ को कम करने के लिए मैंने खुद चाय बेची थी। प्रायः वे अपनी परवरिश के लिए दिये गये अपनी मां के बलिदान को याद करते रहते हैं। उनकी इस बाल कथा को सुनकर निश्चित रूप से सुनने वालों का मन यह सोचकर द्रवित हो उठता है कि इतनी गरीबी में पलने वाला व्यक्ति किस तरह भारतीय संविधान व लोकतंत्र की महिमा से देश के सर्वोच्च पद तक पहुँच सका। और जब वही मोदी यह कहते हैं कि मैं प्रधानमंत्री नहीं बल्कि प्रधानसेवक हूँ। वे स्वयं को फकीर भी बताते हैं। यहाँ तक कि जब उनसे यह पूछा जाने लगता है कि उनमें यह फकीरी आई कहाँ से ? और वे खुद ही यह भी कहते हैं कि -विरोधी मेरा क्या कर लेंगे? हम तो फकीर आदमी हैं, झोला लेकर चल पड़ेंगे।यह फकीरी है, जिसने मुझे गरीबों के लिए लड़ने की ताकत दी है। संघ से जुड़े अपने शुरूआती दिनों पर रौशनी डालते हुये वे यह भी बता चुके हैं कि काफी दिनों तक वे अहमदाबाद के मणिनगर में डॉ. हेडगेवार भवन में रुके थे ,वहां वे सफाई करते थे। वहां उनका यही काम था,सुबह 5 बजे उठना, झाड़ू-पोछा लगाना. सबके लिए चाय बनाना और 5.20 बजे सबको उठाकर चाय देना। मोदी यह भी कह चुके हैं कि - कोई भरोसा नहीं करेगा, लेकिन मैं 35 साल तक भिक्षा मांग कर खाया हूं। बेशक ये बात किसी के गले नहीं उतरेगी। हालांकि, मैं कहीं बता कर नहीं जाता था। वहां जाने पर जो भी मिल जाता, मैं खा लेता। अगर नहीं मिलता तो नहीं खाता। मेरा जीवन ऐसे ही गुजरा है। कभी पार्टी के काम से देर से आया तो खिचड़ी बना कर खा लेता था। और प्रधानमंत्री बनने के बाद जब वे कभी कभी संतों की वेशभूषा में कहीं कहीं शाष्टांग दंडवत करते दिखाई देते हैं तो भी यही गुमान भी होने लगता है कि वास्तव में देश को गरीबी में परवरिश पाने वाला कोई संत फकीर रुपी प्रधानमंत्री मिला है। जाहिर है ऐसे घोर गरीबी में पलने वाले ऐसे व्यक्ति से तो यही उम्मीद की जा सकती है कि उसका सारा जीवन सादगी से भरा हुआ होगा उसके रहन सहन व क्रिया कलापों में भी सादगी की झलक नजर आएगी। और उसका सारा जीवन गरीबों के कल्याण में व उनका जीवन स्तर ऊपर लेजाने में गुजरेगा।



परन्तु इन्हीं नरेंद्र मोदी का एक ऐसा रूप भी है जो उनकी बालकथा से बिल्कुल विपरीत है। उनका खान पान परिधान आदि तो शाही हैं ही साथ ही उनके राजनैतिक व सरकारी क्रिया कलाप व आयोजन भी इतने खचीर्ले हैं जितने कि पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री के नहीं रहे। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही अपनी यात्रा के लिए लगभग 8,458 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक दो बोईंग 777-300एफ विमान खरीदे। यह विमान अमेरिकी राष्ट्रपति के एयरफोर्स वन की तरह के हैं। बल्कि कई मामलों में उससे भी आधुनिक हैं। एक गरीब प्रधानमंत्री के इस कदम की बहुत आलोचना हुई थी क्यूंकि इसमें देश की गरीब जनता का पैसा लगा था। इसी के साथ मोदी ने सेंट्रल विस्टा नामक परियोजना के तहत नया संसद भवन बनवा डाला। इस परियोजना की लागत अनुमानतः ?13,450 करोड़ थी। यह भी जनता के टैक्स के पैसों से बनाया गया ऐसा प्रोजेक्ट था जिसकी देश को कोई आपातकालीन जरुरत नहीं थी। पुराना संसद भवन भी अभी पूरी तरह मजबूत अवस्था में है। मगर यह सब एक फकीर प्रधानमंत्री के फैसले थे। मोदी जी को जहां मंहगे व बेशकीमती परिधान पहनने व दिन में कई बार लिबास बदलने का शौक है वहीँ इनकी घड़ियाँ व पेन आदि भी लाखों रुपए कीमत के और विदेशी होते हैं। याद कीजिये राष्ट्रपति ओबामा के भारत दौरे पर मुलाकात के समय नरेंद्र मोदी ने जो कोट सूट पहना था उसके फैब्रिक में ही नरेंद्र दामोदरदास मोदी बुना हुआ था। जब इस आलीशान शहंशाही परिधान की खूब आलोचना हुई तो इसे नीलाम कर दिया गया। उसी के बाद विपक्षी मोदी सरकार को सूट बूट वाली सरकार कहते हैं। मेकअप कराना फोटो शूट कराना,पोज देना ,कैमरे में अपने सिवा अन्यों को फ्रेम से बाहर रखना जैसी फकीरी भरी बातों से तो सभी वाकिफ हैं।

इतना ही नहीं बल्कि सरकारी खर्च पर बड़े बड़े आयोजन करना चुनावी सभाओं व रैलियों को करोड़ों खर्च कर उत्सव का रूप देना ,अपनी छवि चमकाने के लिया एजेंसियां अनुबंधित करने व विज्ञापन आदि पर जनता का पैसा खर्च करना भी इनके शगल में शामिल है। गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान सी प्लेन मोदी ने सी प्लेन उद्घाटित किया और वोट बटोरने की कोशिश की परन्तु बाद में वह सेवा ही बंद हो गयी। जी एस टी जैसा कथित तौर पर व्यावसायिक विरोधी कहा जाने वाला कानून जिस रात लागू हुआ उस रात तो ऐसा जश्न मनाया गया गोया देश को नई आजादी मिली हो। चुनावों में होने वाले इनके रोड शो बेहद खचीर्ले होते हैं। इनके रोड शो में ट्रकों में भरकर फूल मंगाए जाते हैं। एक स्थान पर सैकड़ों कार्यकर्त्ता उनकी पंखुड़ियां अलग करते हैं। फिर पूरे रस्ते में पार्टी कार्यकर्त्ता निर्धारित दूरी व स्थान पर थैलों में उन पंखुड़ियों को लेकर सड़कों व छतों पर खड़े होते हैं। और शहंशाह रुपी फकीर के वहां से गुजरने पर उनपर पुष्प वर्षा करते हैं। जबकि देश को टी वी पर देखने में यही लगता है कि जनता फूल बरसा कर उनका स्वागत कर रही है। पिछले दिनों वाराणसी में उनके नामांकन के दौरान भी इसी तरह का दृश्य देखने को मिला। पहले उन्होंने 13 मई को वाराणसी में 6 किमी लंबा बेहद खचीर्ला रोड शो किया। उसके बाद क्रूज पर बैठ वाराणसी के घाटों का भ्रमण किया। उसी क्रूज पर एक गोदी मीडिया के सदस्य टी वी चैनल को एक सुगम साक्षात्कार दिया। उसमें अपनी भावुकता जमकर दशार्यी। उसके बाद 14 मई को नामांकन में तो काशी में भाजपा के दिग्गजों का जमावड़ा लग गया। इनमें गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई मंत्री,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व अनेक मंत्रियों के अलावा कई राज्य के मुख्यमंत्री भी वहां मौजूद रहे। गोया करोड़ों रुपए खर्च कर फकीर की इस नामांकन प्रक्रिया को भी एक उत्सव का रूप दे दिया गया।

## संपादकीय

### घोर निंदनीय घटना

स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर की गई कथित मारपीट आप राजनीति की हिंसक कार्यशैली का एक घोर निंदनीय घटना है। यह भरोसा करना मुश्किल हो रहा है कि दिल्ली का बेटाइ कहे जाने वाले अरविंद केजरीवाल के रहते उनका निजी सचिव विभव कुमार महिला सांसद की बुरी तरह से धुनाई करेगा। स्वाति ने लिखित शिकायत में कहा है कि विभव ने थप्पड़ों, लात-घूसों से, उनके चेहरे, पेट एवं निजी अंगों पर अंधाधुंध प्रहार किया है। दिल्ली पुलिस ने इस राज्य सभा सांसद के आवास पर जाकर उनके लिये बयान के बाद विभव के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। सभ्य-सम्मानजनक एवं न्यायपूर्ण व्यवहार का भरोसा पहले दिल्ली और अब पूरे देश को देने वाला परिसर एक शातिर आखेटस्थल के रूप में सामने आया है। स्वाति ठीक से चल नहीं पा रही हैं एक वीडियो में यह दिखा है। आप की ही एक नेता इसे नौटंकी बता रही हैं। वे घटना के तुरंत बाद थाना जाने के आपातकालीन उत्साह के जैविक स्त्रोत में और हादसे के बाद उभरने वाली पीड़ा से उत्पन्न असहायता में जानबूझकर फर्क नहीं कर पा रही हैं। यह प्रतिक्रिया आप की कार्यसंस्कृति की भी झलक देती है। खुद मुख्यमंत्री ने इस पर अफसोस जाहिर नहीं किया है और न उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने। जो पति की विरासत सम्हालने की कतार में दूसरे नम्बर पर हैं; एक महिला होने के नाते भी स्वाति से हमदर्दी जता सकती थीं। यहां तक कि सांसद संजय सिंह ने जो मालीवाल से बातचीत करें न्याय का भरोसा दिलाया था, वे खुद विभव के साथ देखे गए। खुद मुख्यमंत्री भी। हालांकि स्वाति ने इस घटना की वजह नहीं बताई है पर यह लगता है कि जो कुछ और जैसे हुआ है, उसमें मुख्यमंत्री एवं उनकी पत्नी सहित उच्चस्तरीय सहमतियां हैं। एक अनुमान अंतरिम जमानत दिलाने वाले वकील को स्वाति से सांसदी छीन कर उन्हें सौंप देने का है। मुख्यमंत्री के जेल जाने के पहले और बाद में स्वाति की बगैर अनुमति की अनुपस्थिति नेतृत्व की खीझ व नाराजगी भी एक अनुमान है। तीसरा अनुमान राज्य सभा में कुछ आप सांसदों के तटस्थ बर्ताव से नेतृत्व के नाखुश होने का है, लेकिन इसे व्यक्त करने का और भी कई बेहतर तरीका हो सकता था। इसके परिणामों को किन्हीं राजनीतिक बाध्यताओं से न प्रभावित होने दिया जाए और न किन्हीं पूर्वाग्रहों से उसकी बेलाग निष्पक्षता को। कानून अपना काम करे।



## चिंतन-मनन

### अकर्मण्य न बनें

एक कहानी है। एक राजा था। उसे मंत्री की नियुक्ति करनी थी। वह नियुक्ति से पूर्व परीक्षा करना चाहता था। पांच-सात व्यक्ति आए। उसने सबको एक कमरे में बिठाकर कहा, आप सब यहां बैठें। मैं कमरे के बाहर ताला लगा देता हूं। जो भी ताले को खोलकर बाहर निकल आएगा, उसे मंत्री बनाऊंगा। सबने सुना-सोचा- कितनी विचित्र परीक्षा। दरवाजा बंद। बाहर से ताला बंद और भीतर वालों से कहे कि बाहर आओ। यह असंभव है। छह व्यक्तियों ने सोचा, राजा पागल हो गया है। यह भी कोई परीक्षा होती है! दूसरे प्रकार से भी परीक्षा ली जा सकती थी। बाहर जाना कैसे संभव हो सकता है? वे हाथ पर हाथ रख बैठे रहे। कुछ पराप्रम नहीं किया। सातवां व्यक्ति अकर्मण्य नहीं था, पुरूषार्थी था।

उसने सोचा, जरूर इस शर्त में कोई रहस्य है। राजा ?सी शर्त क्यों रखता? मुझे अपना पुरूषार्थ करना है। वह उठा। दरवाजे के पास गया। उसे जोर से ढकेला, वह खुल गया। उसने बाहर आकर राजा का अभिवादन किया। दरवाजे पर कोई ताला लगाया ही नहीं था, केवल सबको भुलावे में रखा था।

राजा जानना चाहता था कि कौन कर्मण्य है और कौन अकर्मण्य। उन्होंने सोचा, जब बाहर ताला है तब दरवाजा कैसे खुलेगा? इसी भ्रम ने उन्हें अकर्मण्य बना डाला। वे बाजी हार गए। जिसने पुरूषार्थ किया, कर्मण्यता का परिचय दिया, वह जीत गया। वह मंत्री बन गया। साधना का क्षेत्र निर्विघ्न नहीं है। उसमें अनेक भुलावे हैं। उन भुलावों से साधक यदि अकर्मण्य बन साधना को भुला देता है तो साधना से भटक जाता है।

# जल हेतु एक अच्छी पहल-अमृत सरोवर योजना



संजय गोस्वामी



ग्रामीण क्षेत्रों में जल की समस्या के दृष्टिगत केंद्र सरकार ने अमृत सरोवर योजना प्रारम्भ की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में इसका शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 जल निकायों का विकास एवं कायाकल्प करना है। देशव्यापी इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक राज्य के प्रयेक जिले में 75 से अधिक तालाबों का निर्माण करवाना है।अमृत सरोवर योजना से राज्यों को अनेक प्रकार के लाभ प्राप्त हो सकेंगे। तालाबों का निर्माण होने तथा पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार होने से क्षेत्रीय लोगों की जल की समस्या का समाधान हो सकेगा। इससे गर्मी के समय भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायता प्राप्त हो सकेगी। इन तालाबों के जल का उपयोग कृषि कार्यों के लिए किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त पशु पालन में भी इस जल का उपयोग हो पाएगा। आवारा पशुओं एवं पक्षियों को भी पीने के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा। इसके अतिरिक्त तालाबों का निर्माण होने से उस स्थान पर सुंदरीकरण होगा। तालाबों के तट पर पीपल, बरगद, नीम, अशोका, सहजन, महुआ, जामुन एवं कटहल आदि के पौधे लगाए जाएंगे। इससे जहां पर्यावरण स्वच्छ होगा तथा हरियाली में वृद्धि होगी, वहीं इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र में अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी। इन तालाबों का उपयोग मछली पालन, मखाने एवं सिघाड़े की खेती में भी किया जा सकेगा।इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 50 हजार से अधिक तालाबों का निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक तालाब एक एकड़ क्षेत्र में होगा, जिसमें 10 हजार घन मीटर पानी की धारण करने की क्षमता होगी। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि इसमें वर्ष भर जल भरा रहे। इस अमृत सरोवर योजना के माध्यम से ग्रामीण वासियों को मनरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध करवाया जा सकेगा। इससे बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध होगा।विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत विगत 11 माह में लगभग 40 हजार तालाबों को विकसित करने की उपलब्धि की सराहना की है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि 'बहुत-बहुत बधाई! जिस तेजी से देशभर में अमृत सरोवरों का निर्माण हो रहा है, वो अमृतकाल के हमारे संकल्पों में नई ऊर्जा भरने वाली है।'. केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक ट्वीट करके जानकारी दी कि देश में अभी तक 40 हजार से अधिक अमृत सरोवर राष्ट्र को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2023 तक 50 हजार अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्वभर में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के पर्यावरणविद जेराल्ड नेल्सन ने 22 अप्रैल 1970 को इसका शुभारम्भ किया था। वह विस्कॉन्सिन के एक अमेरिकी राजनेता थे. उन्होंने संयुक्त राज्य के सीनेटर और गवर्नर के रूप में कार्य किया। वह पृथ्वी दिवस के संस्थापक थे। उन्होंने पर्यावरण सक्रियता के एक नये अभियान का प्रारम्भ किया था। वर्ष 1969 में सैन फ्रांसिस्को में यूनेस्को सम्मेलन के दौरान 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इसके पश्चात से यह दिवस मनाया जा रहा है। अब इसे विश्व के 192 से अधिक देशों में मनाया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें पृथ्वी के समक्ष उत्पन्न समस्याओं को उठाया जाता है तथा इनके समाधान के बारे में चर्चा होती है। आज जब पर्यावरण के समक्ष अनेक प्रकार के संकट उत्पन्न हो गए हैं, ऐसी स्थिति में इसका महत्त्व और अधिक बढ़ जाता है।उल्लेख करने योग्य बात यह भी है कि देशभर में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सरकारी स्तर के कार्यक्रम भी हैं तथा पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रही स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यक्रम भी सम्मिलित हैं। निःसंदेश केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेगी। इससे जल संरक्षण के अभियान को प्रोत्साहन भी मिलेगा। अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा।

# देखना कहीं लू न लग जाए लोकतंत्र को



राकेश अचल



आज मै अपनी बात कविराज सेनापति से करना चाहता हूँ । सेनापति ऋतु वर्णन के अद्भुत चितेरे रहे । आजकल देश के अधिकांश हिस्सों में जिस तरह गर्मी का प्रकोप है ,उसे अनुभव करते हुए मुझे सेनापति बार-बार याद आते हैं। वे लिखते हैं -

*बृष को तरनि तेज, सहसौ किरन करि,*
*ज्वालन के जाल बिकराल बरसत हैं।*
*तपति धरनि, जग जरत झरनि, सीरी*
*छाँह कौं पकरि, पंथी-पंछी बिरमत हैं॥*
*सेनापति नैक, दुपहरी के ढरत, होत*
*घमका बिषम, ज्यौं न पात खरकत हैं।*
*मेरे जान पौनों, सीरी ठौर कौं पकरि कौनौं,*
*घरी एक बैठि, कहूँ घामै बितवत हैं।*

कभी-कभी मुझे लगता है कि आज की गर्मी की तरह आज की राजनीति पर मै भी सेनापति की तरह कुछ खास लिख पाता । लेकिन कहते हैं न ये मुंह और मसूर की दाल ? मै लोकतंत्र के नाम पर आजकल देश में बरस रही आग का वर्णन आखिर कैसे कर सकता हूँ ? यहां तो पल-पल मौसम बदलता है । मौसम और हिन्दुस्तानी नेताओं के बीच एक तरह की होड़ लगी हुई है बदलने को लेकर। इस बदलाव में सबसे आगे हमारे आदिगुरु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी हैं।

आप कहेंगे कि आपका काम आजकल बिना मोदी जी के चलता ही नहीं, ! हकीकत है कि मोदी आजकल सर्वत्र व्याप्त हैं हरि व्यापक सर्वत्र समाना की तरह। गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में कहा है कि

*-हरि ब्यापक सर्बत्र समाना। प्रेम तें प्रगट होहिं मैं जाना॥*
*देस काल दिसि बिदिसिहु माहीं। कहहु सो कहाँ जहाँ प्रभु नाहीं॥*

अर्थात मैं तो यह जानता हूँ कि भगवान सब जगह समान रूप से व्यापक हैं, प्रेम से वे प्रकट हो जाते हैं, देश, काल, दिशा, विदिशा में बताओ, ऐसी जगह कहाँ है, जहाँ प्रभु न हों। आज के युग में मुझे भी यही लगता है कि मोदी जी सर्वत्र व्यापक है।वे केवल प्रेम से ही नहीं आपके सामने क्षोभ से ,घृणा से ,क्रोध से प्रकट हो सकते है। आप देश, काल, दिशा, विदिशा में बताओ, ऐसी जगह कहाँ है, जहाँ माननीय मोदी जी न हों ?

राजनीति में,लोकतांत्र में तंत्रों में ,यंत्रों में ,मंत्रों में सब कह हैं मोदी जी। ऐसी व्यापकता किसी और नेता की शायद नहीं है। राहुल गांधी या दूसरे नेता आजकल इस मामले में नंबर दो पर ही है। और ये सब कमाल किसका है ,आप सभी जानते हैं।

दो दिन पहले माननीय मोदी जी जब बनारस में गंगाविहार के दौरान क्रूज पर हमारे पत्रकार मित्रों को साक्षात्कार दे रहे थे,तब मै उन्हें सुनकर भाव विभोर हो गया था । वे कह रहे थे कि -यदि मै हिन्दू-मुसलमान करूँ तो मुझे पातकी कहिये मै माननीय की बातों पर आँखें बंद कर देश की जनता की तरह भरोसा करता आया हूँ ,लेकिन हमेशा कि तरह मोदी जी ने दिल्ली पहुँचते ही फिर से मेरा और देश का दिल तोड़ दिया। उन्होंने पांचवें चरण के मतदान से पहले एक बार फिर हिन्दू-मुसलमान किया । मंगलसूत्र,विरसे और आरक्षण कि डकैती की बातें कर डालीं। अर्थात उनका काम हिन्दू -मुसलमान और उन हौवों के बिना नहीं चला जो वे पिछले एक महीने से अपने साथ लेकर तमाम रैलियों में उपस्थित होते हैं।

मुमकिन है कि मै गलत होऊं लेकिन लगता है कि मोदी जी अपने हौवों के जरिये इस देश के लोकतंत्र को लू लगाकर मानेंगे। वे तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए इतने व्याकुल हैं कि पूछिए मत ! आप पूछिए भी तो, आपको सच बताएगा कौन ? किसी को मोदी के मन की बात पता नहीं है । खुद मोदी जी को भी नहीं। वे कांग्रेस को मिटाने के लिए भाजपा और संघ के साथ-साथ देश कि तमाम रिवायतों को मिटा देना चाहते हैं। हिन्दुओं को लेकर वे उतने ही संवेदनशील हो गए हैं जितना किसी जमाने में मुसलमानों को लेकर मोहम्मद जिन्ना हुआ करते थे। जिन्ना साहब आखिरकार मुसलमानों के लिए पाकिस्तान लेकर ही माने। और मुझे लगता है कि अब मोदी जी भी हिन्दुओं के लिए हिंदुस्तान से हिन्दू द्वीप लेकर ही मानेंगे। वे तब तक सत्ता को टा-टा,वाय-वाय नहीं कहेंगे जब तक कि उन्हें हिन्दू द्वीप मिल नहीं जाता । वे ऐसा देश चाहते हैं जहां हिन्दुओं के अलावा अव्वल तो कोई दूसरा हो ही नहीं और हो भी तो हमेशा हिन्दुओं के सामने साष्टांग मुद्रा में खड़ा दिखाई दे।

भविष्य के गर्त में क्या है ,ये कोई नहीं जानता। महात्मा गाँधी भी नहीं जानते थे। उन्होंने भी अपना जीवन उस देश के लिए न्यौछावर किया जिसमें हिन्दू-मुसलमान,सिख और ईसाई ही नहीं बल्कि तमाम लोग शामिल थे और हैं। गांधी के बाद हिंदुस्तान को हिंदुस्तान बनाये रखने के लिए शहादतों का सिलसिला थमा नहीं। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि खालिस हिन्दू द्वीप चाहने वालों में से किसी ने कोई शहादत अब तक दी नहीं। शहादत देना और शहादत का अपमान करना दो अलग-अलग चीजें हैं। इसे समझना आसान नहीं है। देश को आज शहादत की नहीं मोहब्बत की जरूरत है । किस कश्ती को हमारे पुरखे तूफान से बचाकर निकाल लाये थे उसे सम्हालकर रखने की जरूरत है। किन्तु हो उलटा रहा है। हम देश कि किश्ती को एक बार फिर हिन्दू -मुसलमान कर एक नए तूफान में फंसता देख रहे हैं।

अठरहवीं लोकसभा के लिए चलकर रहे मतदान के शेष तीन चरणों में आप अपने विवेक से सही फैसला कर इस कश्ती को तूफान में घिरने से बचा सकते हैं। नेताओं के श्रीमुख से निकलती आग से बचा सकते हैं। आप यदि चूके तो लोकतंत्र को लू लगना तय है। और हम सब लू लगा लोकतंत्र नहीं एक स्वस्थ्य लोकतंत्र चाहते हैं ,एक ऐसा लोकतंत्र जिसमें राजनीति झूठ की बैशाखियों पर न टिकी हो। अदावत जिसकी रगों में न बहती हो। तय आपको करना है क्योंकि ये देश हमारा भी है और आपका भी।

# मोदी भ्रष्टाचारियों की गाड़ी, बंगला सब बिकवा देगा, टीएमसी और कांग्रेस की सोच विकास की नहीं परिवारवाद,भ्रष्टाचार पर आधारित

## पश्चिम बंगाल के विष्णुपुर और जमशेदपुर में पीएम मोदी की जनसभा

एजेंसी ⏭ विष्णुपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर नेता चुनाव प्रचार जोर से कर रहे हैं। पीएम मोदी ने विष्णुपुर में एक चुनावी जनसभा में कहा कि बंगाल में लोग रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। टीएमसी और कांग्रेस की सोच विकास या रोजगार की नहीं है। ये पार्टियां परिवारवाद, भ्रष्टाचार फैलाना ही जानती हैं।टीएमसी ने पैसे कमाने की भूख में आपके बच्चों को भी नहीं छोड़ा है। यहां शिक्षक भर्ती घोटाले ने युवाओं के साथ ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी दांव पर लगा दिया है। गरीब मां-बाप ने घर-जमीन बेचकर, कर्ज लेकर इनके मंत्रियों को घूस दी। आज वे सारे नौजवान सड़कों पर हैं। मैं आप सबको गारंटी देता हूं, इन्होंने आपके घर बिकवाए हैं, मोदी टीएमसी के भ्रष्टाचारियों के बंगले, उनकी गाड़ियां, ये सब कुछ बिकवाकर रहने वाला है।

**इंडी गठबंधन पर साधा निशाना**





### मुझे अपने लिए कुछ नहीं करना

पीएम ने कहा कि उन्हें अपने लिए कुछ नहीं चाहिए। उन्हें अपने भतीजे या भाई के लिए कुछ नहीं करना है। आपके सपने ही मोदी का संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें गरीब आदिवासी बच्चों के लिए विकसित भारत विरासत के रूप में छोड़कर जाना है। मोदी ने कहा कि चाहे टीएमसी हो, लेफ्ट हो या कांग्रेस हो यह तीन अलग-अलग पार्टियां दिखती हैं, लेकिन इन सबके पाप एक जैसे ही हैं इसलिए इन्होंने मिलकर इंडी गठबंधन बनाया है। इन्होंने सिर्फ नारे दिए हैं।

### शाहजहां को बचाने टीएमसी संदेशखाली की बहनों को दोषी ठहरा रही

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में पुरुलिया में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टीएमसी वाले शाहजहां शेख को बचाने के लिए संदेशखाली की बहनों को दोषी ठहरा रहे हैं। टीएमसी ये कह कर सत्ता में आई थी कि वह मां, माटी, मानुष की रक्षा करेगी। आज टीएमसी मां, माटी, मानुष का ही भक्षण कर रही है।

**वे सबको कह रहे, ये मेरी मम्मी की सीट है**

मोदी ने जमशेदपुर में झारखंड मुक्ति मोर्चा को घेरा। उन्होंने झामुमो पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। पीएम ने कहा कांग्रेस और झामुमो ने झारखंड को लूटा है। रायबरेली से चुनाव लड़ने के राहुल गांधी के फैसले पर भी कहा कि कांग्रेस के शहजादे सबको यह कह रहे कि रायबरेली उनकी मम्मी की सीट है।

### आपसे आशीर्वाद लेने आया हूं

पीएम ने भाजपा उम्मीदवार ज्योतिर्मय सिंह महतो के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार शिक्षा में भी चोरी करती है। इंडी गठबंधन वालों के तरकश में जितने तीर थे, ये लोग चला चुके हैं। इनकी हर साजिश नाकाम साबित हुई है। मैं आज यहां आपसे सिर्फ वोट मांगने नहीं आया, बल्कि मैं आप सबसे आशीर्वाद मांगने के लिए आया हूं। मुझे विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत के लिए आपका आशीर्वाद चाहिए। ईडी गठबंधन के लोग घुसपैठिए को बढ़ावा देते हैं। वोट बैंक को खुश करने के लिए सीएए का विरोध करते हैं। कर्नाटक में ओबीसी कोटे का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया।

### ममता संतों का अपमान कर रहीं

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में सूपड़ा साफ होता देखकर टीएमसी बखौला गई हैं। मानवता की सेवा करने वाली सनातन समाज को गाली देना शुरू कर दिया है। यहां की मुख्यमंत्री मुस्लिम कट्टरपंथियों के दवाब में वोट पाने के लिए हमारे संतों को, हमारे महान संगठनों को सार्वजनिक रूप से गालियां दे रही हैं। बदनाम कर रही हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री ने जौनपुर में कहा

# आरक्षण को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता, देश का फिर बंटवारा असंभव

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा में फिर कहा कि आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। कांग्रेस झूठ फैला रही है कि मोदी आएंगे तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने कहा 10 वर्षों से मोदी के पास बहुमत है, लेकिन इसका इस्तेमाल आरक्षण को हटाने के लिए नहीं किया। कांग्रेस नेता कहते हैं कि देश को दो टुकड़े में बांटना चाहिए। अब देश का बंटवार असंभव है।



### वे परमाणु हथियारों को खत्म कर देंगे

शाह मेजा के सोरांव में चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन पर तीखा हमला किया। शाह ने इंडी गठबंधन पर धारा 370 की वापसी की मंशा रखने, पाकिस्तान को सम्मान देने और परमाणु हथियारों को नष्ट करने का एजेंडा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव एक महान भारत की रचना का है। सुरक्षित और सशक्त भारत बनाने का है।

कैथल और करनाल में गरजे

## इंडी एक घमंडिया गठबंधन स्वार्थ के लिए मांग रहे वोट

कैथल के चंदाना गेट स्थित रामलीला मैदान में विजय संकल्प रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। नड्डा ने कहा कि आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग कांग्रेस के खिलाफ थे और कहते थे कि इन्हें जेल भिजवाएंगे और अब वे लोग ही उनके साथ गले मिल रहे हैं। इंडी गठबंधन एक घमंडिया गठबंधन है जो अपने-अपने स्वार्थ के लिए आए हैं।



राहुल-अखिलेश की सभा में मची भगदड़



## कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर घुसे और किया हंगामा, कई घायल

प्रयागराज में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा में हंगामा हुआ है। जनसभा में भगदड़ मच गई है। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए हैं। कई लोगों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। पड़िला महादेव फाफामऊ में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली में सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। राहुल और अखिलेशको देखने के लिए भीड़ काबू हो गई। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए। कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए। इसके बाद राहुल और अखिलेश हो गए। कार्यकर्ताओं की इस हरकत से नाराज होकर दोनों नेता बिना कुछ बोले ही चले गए।

अधीर को खरगे की चेतावनी से नाराजगी

## खरगे की तस्वीरों पर पोती स्याही



**कोलकाता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी के बीच टीएमसी के साथ पार्टी के संबंधों को लेकर विवाद के बीच कोलकाता में प्रदेश कांग्रेस भवन में खरगे की तस्वीरों पर काली स्याही पोत दी गई। कोलकाता में विधान भवन के सामने कांग्रेस के कई होर्डिंग लगे हुए हैं, इन होर्डिंग पर खरगे समेत कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं की तस्वीरें लगी थीं। रविवार को होर्डिंग पर खड़गे की तस्वीरों पर स्याही पोत दी गई है। होर्डिंग पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी की भी तस्वीरें हैं, लेकिन उन तस्वीरों पर स्याही का निशान तक नहीं है।

भारत सेवाश्रम संघ कर रहा भाजपा का समर्थन

## ममता के बयान पर भड़की भाजपा, छिड़ी सियासत



**कोलकाता।** पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में एक चुनावी रैली के दौरान टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी पर बड़ा आरोप लगाया। पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रामकृष्ण मिशन, भारत सेवा आश्रम और इस्कॉन के लोगों को खुलेआम धमकी दे रही हैं। प्रधानमंत्री का ये बयान ऐसे समय में आया है, जब ममता ने भारत सेवाश्रम संघ पर भाजपा को सपोर्ट करने का आरोप लगाया था। भारत सेवाश्रम संघ की स्थापना 1917 में संत आचार्य स्वामी प्रणवानंदजी महाराज ने की थी।

## खबर संक्षेप

### प्रज्ज्वल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजनीति में हलचल मची हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन सीट से सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं से यौन शोषण करने का आरोप है। उनकी मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। अब उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। पिछले महीने प्रज्वल पर यौन उत्पीड़न, इसके सैकड़ों वीडियो रिकॉर्ड करने, साजिश का आरोप है।

### घर लौट रहे युवक-युवती की ‘टक्कर’ में मौत



**पुणे।** पुणे के कल्याणी नगर इलाके में शनिवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ है। एक लक्जरी कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी मोटरसाइकिल पर सवार युवती हवा में उछाल गई और एक दूसरी कार पर जा गिरी। हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार युवक-युवती दोनों की मौत हो गई है। ये दोनों पब में पार्टी कर अपने घर जा रहे थे। बताया जा रहा कार पर नंबर प्लेट भी नहीं थी।

### ‘ताज’ के पास मस्जिद में मिली युवती की लाश



**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में ताजमहल के पास सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया। यहां स्थित मस्जिद परिसर में रविवार को 22 वर्षीय युवती की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। दोपहर में जब नमाज के लिए लोग पहुंचे तो लाश देख पसीने छूट गए। युवती के कपड़े फटे हुए थे। आशंका है कि दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई।

आम आदमी पार्टी के दफ्तर में दिल्ली के मुख्यमंत्री का संबोधन

# इन्होंने ऑपरेशन झाड़ू शुरू किया, ये आप को कुचलने की कोशिश कर रहे

## आप नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा, बैंक अकाउंट भी सीज किया जाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आम आदमी पार्टी के दफ्तर में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। दफ्तर में आप विधायक और पार्षद भी मौजूद रहे। इस दौरान केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन लोगों ने ऑपरेशन झाड़ू शुरू किया है। ये आम आदमी पार्टी को कुचलने की कोशिश में हैं। हमारे नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। आने वाले दिनों में आप का बैंक अकाउंट सीज किया जाएगा। इसके बाद हमारी पार्टी का ऑफिस खाली किया जाएगा।

### हमें गिरफ्तार करें, हम डरने वाले नहीं



केजीवाल ने कहा कि पिछले 2 साल से भाजपा हमारे नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया। इन्होंने मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर लिया, मेरे पीए तक को गिरफ्तार कर लिया। मैं प्रधानमंत्री को कहना चाहता हूं कि आप एक-एक करके गिरफ्तार कर रहे हैं, आज हम सब साथ ही आ रहे हैं आप गिरफ्तार कर लो, हम डरने वाले नहीं है।

### आप पार्टी एक विचार

केजरीवाल ने कहा कि यह पार्टी एक विचार है। नेताओं को गिरफ्तार किया जा सकता है, लेकिन विचार को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। एक नेता को गिरफ्तार करोगे, ऐसे में 100 नेता पैदा होंगे।

### आप 140 करोड़ लोगों के सपनों की पार्टी

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को लगता है कि वे इस तरह से आप को खत्म कर देंगे, पार्टी का विनाश कर देंगे। मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि ये पार्टी चंद लोगों की पार्टी नहीं है। ये 140 करोड़ लोगों के सपनों की पार्टी है।

### कोर्ट में ईडी ने गिरफ्तारी को ये दलीलें दी



ईडी ने केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार की गिरफ्तारी के संबंध में कई सवाल बयान दिए। कोई नोटिस इस केस में आरोपी को नहीं दिया गया। वकील हरिहरन ने कहा जो आरोप लगा है उन पर कोई विश्वास नहीं कर सकता है। अभी विभव की स्थिति क्या है उसके बारे में हमको नहीं पता है। वकील ने कहा,स्वाति मालीवाल जो आरोप लगा रही है, वो समझ से परे है। विभव ऐसे मारपीट क्यों करना शुरू कर देगा। वकील ने कहा सीएम निवास पर कोई ऐसी हरकत क्यों करेगा? हरिहरन ने कहा कि सैकड़ों लोग वहां मौजूद थे अगर स्वाति के साथ कोई मारपीट होती तो वह चिल्लाती।

बशीरहाट पुलिस ने दी जानकारी

# संदेशखाली में टीएमसी कार्यकर्ता गिरफ्तार, दुष्कर्म का लगा आरोप



एजेंसी ⏭ संदेशखाली

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एक नाबालिग लड़की के साख दुष्कर्म करने के मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। लड़की की मां ने शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के अनुसार, शुक्रवार की रात को आरोपी किसी तरह उनके घर पर घुस गया और लड़की का यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने बताया कि आठवीं की छात्रा किसी तरह वहां से भागने में काबयाब रही। बाहर आकर उसने शोर मचाया, जिसके बाद घरवाले और पड़ोसी बाहर आ गए। बशीरहाट पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि 20 वर्षीय आरोपी से पूछताछ जारी है। उन्होंने आगे बताया कि लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया गया और रिपोर्ट्स का इंतजार है।

### शाहजहां पहले से ही जेल में

संदेशखाली क्षेत्र कोलकाता से लगभग 100 किमी दूर सुंदरबन की सीमा पर स्थित है। फरवरी में टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। दरअसल, शाहजहां शेख पर जमीन हड़पने और महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। फिलहाल उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है।

### क्या है संदेशखाली मामला

संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन उनके जमीनों पर कब्जा करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। इस साल जनवरी में शाहजहां के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान शाहजहां के समर्थकों ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था, जिसमें तीन अधिकारी घायल हो गए थे। इस हादसे के बाद शाहजहां फरार था, लेकिन उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

ठग चंद्रशेखर की सुप्रीम कोर्ट से गुहार

# देश में कहीं भी भेज दीजिए जहां पर आप शासन न हो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की उस याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है, जिसमें अधिकारियों को उसे मंडोली जेल से पंजाब और दिल्ली की जेलों को छोड़कर किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की खंडपीठ ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि रिट याचिका में लगाए गए आरोपों के मद्देनजर प्रतिवादी को नोटिस जारी किया जाए, जिस पर 19 जुलाई तक जवाब दिया जाए। चंद्रशेखर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता परमजीत सिंह पटवालिया ने कहा कि शिकायतें वापस लेने का दबाव बनाने के लिए याचिकाकर्ता को दो कैमरों से निगरानी में रखा गया है। वकील ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने चंद्रशेखर की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच की सिफारिश की है। पहले भी चंद्रशेखर ने बड़ी राशि के लेनदेन के संबंध में आरोप लगाए थे।

भारतीय मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी कर दी चेतावनी

# पंजाब-हरियाणा सहित 6 राज्यों में भीषण गर्मी ‘जलाएगी’

दिल्ली और राजस्थान में 46 डिग्री पहुंचा पारा

एजेंसी ⏭ नी दिल्ली

देश के उत्तर-पश्चिमी राज्य इस वक्त भीषण गर्मी की चपेट में हैं। रविवार को लगातार तीसरे दिन कई राज्यों के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में रेड अलर्ट है। उत्तर प्रदेश और बिहार में ऑरेंज अलर्ट है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में अगले 5 दिन तक भीषण गर्मी पड़ेगी। 23 मई तक दिल्ली हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हीटवेव का असर सबसे ज्यादा रहेगा। इस दौरान लोगों को बढ़ते तापमान के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार अगले 2-3 दिन में रात भी गर्म होगी।

## दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में रेड अलर्ट जारी



### 20 जगहों पर अधिकतम तापमान

शनिवार को कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश और गुजरात के कुछ हिस्सों में भी लू चली। दिल्ली और राजस्थान में तापमान 46 डिग्री पहुंच गया। दिल्ली के मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 46.8 पहुंच गया। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश में कम से कम 20 जगहों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज किया गया।

### पहाड़ों पर भी राहत नहीं

गर्मी से बचनेलोग पहाड़ों को रुख कर रहे हैं। जम्मू में शनिवार को अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। विभाग ने छिटपुट बारिश की भविष्यवाणी की है। हिमाचल प्रदेश में भी लोग चिलचिलाती गर्मी से जूझ रहे हैं। शनिवार को राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 6.4 डिग्री सेल्सियस ऊपर रहा। धर्मशाला में तापमान 36.1 डिग्री और शिमला में 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### केरल में 20 मई तक भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने बताया कि देश के बाकी हिस्सों में भीषण गर्मी के बीच दक्षिणी राज्यों में बारिश हो रही है। केरल में 20 मई तक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। 19 और 20 मई के लिए राज्य के पथानामथिट्टा, कोट्टायम और इडुक्की जिलों में बारिश की संभावना है। 21 मई को नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी है। विभाग ने बताया कि बारिश के दौरान बाढ़ और लैंडस्लाइड की आशंका है। 19 से 22 मई के बीच केरल में तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है।

# सात्विक-चिराग बने थाईलैंड ओपन चैंपियन, भारतीय जोड़ी का यह 9वां बीडब्लूएफ विश्व टूर खिताब

एजेंसी ▸▸ बैंकॉक

भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन पुरुष युगल खिताब जीत लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21-15, 21-15 से जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों की चैंपियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा और कॅरियर का नौवां बीडब्लूएफ विश्व टूर खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे।

### फाइनल तक नहीं गंवाए एक भी गेम

*सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। वे एक भी गेम गंवाए बिना थाईलैंड ओपन फाइनल में पहुंचे थे। लियू और चेन ने भी फाइनल तक के सफर में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन भारतीय जोड़ी के शानदार फॉर्म का उनके पास कोई जवाब नहीं था।*



### सेट 1

सात्विक और चिराग ने जल्दी ही 5-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद चेन और लियू ने लगातार चार अंक लेकर वापसी की। जब स्कोर 7-7 था तब चीनी जोड़ी ने 39 शॉट की रेली लगाई और 10-7 से बढ़त बना ली। उन्होंने कुछ लंबी रेलियां लगाई लेकिन चिराग ने तूफानी रिटर्न के जरिए स्कोर 10-10 कर लिया। ब्रेक के बाद सात्विक और चिराग ने 14-11 की बढ़त बनाई। यह बढ़त जल्दी ही 16-12 की हो गई। चीनी जोड़ी ने तीन अंक बनाए लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच अंक लेकर गेम जीत लिया।

### सेट 2

दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने 8-3 के साथ शुरुआत की और ब्रेक तक पांच अंक की बढ़त बनाए रखी। चेन और लियू ने तीन अंक लगातार बनाए लेकिन सात्विक ने उनकी लय तोड़ी। जब स्कोर 15-11 था तब सात्विक को खेल में विलंब करने पर चेतावनी मिली और चिराग ने दो अंक गंवाए जिससे चीनी जोड़ी ने 15-14 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने हालांकि इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हें फिर कोई मौका नहीं दिया।



### पेरिस में जीतना चाहेंगे पदक

*चिराग ने जीत के बाद कहा, 'बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था।' सात्विक ने कहा, 'उम्मीद है कि इस जीत के बाद आने वाले टूर्नामेंटों में भी हम लय कायम रखेंगे।' पेरिस ओलंपिक के बारे में पूछने पर चिराग ने कहा, 'हम ही नहीं सभी खिलाड़ी वहां पदक जीतने ही जाना चाहते हैं। उम्मीद है कि हम वहां भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| हैदराबाद | 14 | 8 | 5 | 17 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 |
| बेंगलोर | 14 | 7 | 7 | 14 |
| चेन्नई | 14 | 7 | 7 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| लखनऊ | 14 | 7 | 7 | 14 |
| गुजरात | 14 | 5 | 7 | 12 |
| पंजाब | 14 | 5 | 9 | 10 |
| मुंबई | 14 | 4 | 10 | 08 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
**708 रन**
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
**22 विकेट**
पंजाब

### बाउंड्री मीटर

**2039** चौके

**1182** छक्के



### चेन्नइयिन ने जितेश्वर का करार बढ़ाया

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले मिडफील्डर युमखाइबाम जितेश्वर सिंह का करार 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया। मणिपुर के इस मिडफील्डर ने 2022 में चेन्नइयिन एफसी के लिए पदार्पण किया था। वह टीम के लिए 44 मैच खेल चुके हैं। टीम के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा, 'जीतू कहीं नहीं जा रहा है। वह अगले सत्र में भी हमारे साथ होगा।' जितेश्वर पिछले साल एएफसी अंडर 23 एशियाई कप खेलने वाले भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

### चिदंबरम ने शारजाह में बनाई एकल बढ़त

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने स्थानीय खिलाड़ी ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली।



चिदंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर है जिनमें ईरान के अमीन टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और सैम शांकलैंड शामिल हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं। टूर्नामेंट के चार दौर अभी बाकी हैं और 16 खिलाड़ी तीन अंक लेकर अगली पायदान पर हैं।

### त्वेसा 67 के कार्ड से संयुक्त 21वें स्थान पर

**ब्रेंडनबर्ग।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं।



यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। वह अपना लेडीज यूरोपीय टूर कार्ड (एलईटी) बरकरार रखने की कोशिश में जुटी हैं। उन्होंने तीसरे दौर में एक ईगल और पांच बर्डी लगाई जबकि दो बोगी कर बैठीं।

## आईपीएल : जीत से सनराइजर्स के 14 मैचों में 17 अंक

# हैदराबाद की शानदार जीत, पंजाब का अभियान नौवें पायदान के साथ खत्म

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार के यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच गेंद शेष रहते चार विकेट से जीत दर्ज की। पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 214 रन बनाये लेकिन सनराइजर्स ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत से सनराइजर्स के 14 मैचों में 17 अंक हो गए जबकि पंजाब का अभियान 10 अंकों के साथ नौवें पायदान पर खत्म हुआ।

मैन ऑफ द मैच अभिषेक शर्मा (66 रन) ने 28 गेंद की पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाने के साथ दूसरे विकेट के लिए राहुल त्रिपाठी (33) के साथ 30 गेंद में 72 और तीसरे विकेट के लिए नीतिश कुमार रेड्डी (37) के साथ 31 गेंद में 57 रनों की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। त्रिपाठी ने 18 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि रेड्डी ने 24 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौके की मदद से 37 रन का योगदान दिया। उन्होंने क्लासेन के साथ चौथे विकेट के लिए 23 गेंद में 47 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 26 गेंद में 42 रन की पारी के दौरान तीन चौके और दो छक्के लगाए। अर्शदीप सिंह ने 37 रन और हर्षल पटेल ने 49 रन देकर दो-दो विकेट लिए।



### प्रभसिमरन का अर्धशतक बेकार



पंजाब के लिए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की 45 गेंद में 71 रन की पारी के अलावा पहले विकेट के लिए अथर्व तायडे के साथ 55 गेंद में 97 और दूसरे विकेट के लिए रिली रोसेयु के साथ 32 गेंद में 54 रन की साझेदारी की। तायडे ने 27 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 46 तो वही रोसेयु ने 24 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 49 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। कार्यवाहक कप्तान सैम कुरेन के इंग्लैंड लौटने के कारण टीम की अगुवाई कर रहे जितेश शर्मा ने आखिरी ओवरों में 15 गेंद में नाबाद 32 रन बनाकर टीम के स्कोर को 214 रन तक पहुंचाया। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए टी नटराजन ने चार ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिये। कप्तान पैट कमिंस और विजयकांत व्यासकांत को एक-एक सफलता मिली।

### अभिषेक आईपीएल के नए सिक्सर किंग

*अभिषेक ने पारी के दौरान चौथा छक्का लगाते ही विराट का रिकॉर्ड तोड़ दिया। आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड विराट के ही नाम था। उन्होंने 2016 सत्र में 38 छक्के लगाए थे। अब अभिषेक के नाम आईपीएल 2024 में 41 छक्के हैं। यह टीम प्लेऑफ के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है। ऐसे में अभिषेक का यह रिकॉर्ड और बढ़ सकता है। वहीं, विराट भी अपने 2016 वाले रिकॉर्ड को तोड़ने की दहलीज पर खड़े हैं। वह इस सीजन अब तक 37 छक्के लगा चुके हैं और अपने पुराने रिकॉर्ड को सुधारने की दहलीज पर हैं।*

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तायड़े का सनवीर बो नटराजन | 46 | 27 | 5 | 2 |
| सिंह का क्लासेन बो व्यासकांत | 71 | 45 | 7 | 4 |
| रोसोउ का समद बो कमिंस | 49 | 24 | 3 | 4 |
| शशांक सिंह रन आउट | 02 | 04 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 32 | 15 | 2 | 2 |
| आशुतोष का सनवीर बो नटराजन | 02 | 03 | 0 | 0 |
| शिवम सिंह नाबाद | 02 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 214/5
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-36-0, कमिंस 4-0-36-1, नटराजन 4-0-33-2, व्यासकांत 4-0-37-1, शाहबाज 1-0-13-0, रेड्डी 3-0-54-0.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो अर्शदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अभिषेक का शिवम बो शशांक | 66 | 28 | 5 | 6 |
| त्रिपाठी का अर्शदीप बो हर्षल | 33 | 18 | 4 | 2 |
| रेड्डी का शिवम बो हर्षल | 37 | 25 | 1 | 3 |
| हेनरिच क्लासेन बो बरार | 42 | 26 | 3 | 2 |
| शाहबाज का शशांक बो अर्शदीप | 03 | 06 | 0 | 0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 11 | 08 | 0 | 1 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 06 | 04 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 17, कुल : 19.1 ओवर में 215/6
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-37-2, ऋषि 3-0-35-0, हर्षल 4-0-49-2, चाहर 4-0-43-0, बरार 3-0-36-1, शशांक 1-0-5-1, तायडे 0.1-0-4-0.

खास खबर

## निषाद ने पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



एजेंसी ▸▸ कोबे

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को यहां कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

टोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला। निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राम पाल अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ 1.90 मीटर के प्रदर्शन से छठे स्थान पर रहे।

टी 47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया। टी 35 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिन्हें समन्वय संबंधित विकृति होती है।

### सुकांत, तरुण, सुहास पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई

*__नई दिल्ली।__ शीर्ष भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरुण और सुहास ने पेरिस में आगामी पैरालंपिक के लिए अपने स्थान पक्के किए। सुकांत कदम पहली बार पैरालंपिक में हिस्सा लेंगे और वह पुरुषों के एसएल 4 वर्ग में खेलेंगे। उनके अलावा तरुण और सुहास ने भी इसी वर्ग में क्वालीफाई किया।एसएल3 महिला वर्ग में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया।*

## 'कैसा लग रहा है मां', धोनी का विकेट लेने के बाद दयाल ने किया वीडियो कॉल



एजेंसी ▸▸ कोलकाता

अपने बच्चे की पीड़ा एक मां ही समझ सकती है और ठीक 405 दिन पहले एक ओवर में रिंकू सिंह के पांच छक्के झेलने के बाद यश दयाल के कॅरियर को बिखरता देख उनकी मां राधा दयाल बीमार हो गई थी लेकिन एक ओवर ने सब कुछ बदल दिया। रिंकू के बल्ले से हुई आतिशबाजी वाला वह ओवर दयाल के कॅरियर के रास्ते बंद करने वाला भी हो सकता था लेकिन निर्मम सोशल मीडिया के बहाव में नहीं बहने वालों को पता था कि यह लड़का वापसी करेगा। और उसने की भी। दयाल ने आईपीएल के महानतम फिनिशर्स महेंद्र सिंह धोनी और रविंद्र जडेजा के सामने एक ओवर में 17 रन नहीं बनने दिए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल प्लेआफ में पहुंचाने वाला करिश्माई 20वां ओवर डालकर दयाल ने अपने और अपनी मां के हर जख्म पर मरहम लगा दिया। यहां तक कि रिंकू ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, 'यह ईश्वर की इच्छा थी।' उस ओवर के बाद दयाल ने अपनी मां को वीडियो कॉल किया और पूछा, 'कैसा फील कर रही हो।'

### रिंकू के पांच छक्के झेलने वाला डरावना सपना



पिता चंद्रपाल ने कहा कि उनके बेटे ने अपनी मां से कहा था कि उसे यकीन है कि वह एम एस धोनी को विजयी रन नहीं बनाने देंगे।' क्लब स्तर पर क्रिकेट खेल चुके चंद्रपाल 2019 में प्रयागराज में महा लेखाकार के कार्यालय से रिटायर हुए हैं। नौ अप्रैल को अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम पर रिंकू सिंह के पांच छक्के झेलने वाले अपने बेटे के साथ वह चट्टान की तरह डटे रहे हैं। उन्होंने पुरानी यादें ताजा करते हुए कहा, 'वो डरावना सपना फिर से आ रहा था जब धोनी ने पहली गेंद पर छक्का लगाया। लेकिन मुझे भीतर से लग रहा था कि इस बार कुछ अच्छा होगा। यह उसकी कड़ी मेहनत का नतीजा है। ईश्वर की कृपा है।'

### ब्रॉड का उदाहरण देकर किया मोटिवेट

*पिछले साल गुजरात टाइटंस ने दयाल को रिलीज कर दिया लेकिन आरसीबी ने उस पर भरोसा जताया। पिछले आईपीएल के बाद वह बीमार हो गया था लेकिन उसके पिता उसके प्रेरणास्रोत बने। उन्होंने कहा, 'मैं उसे स्टुअर्ट ब्रॉड का उदाहरण देता था कि कैसे टी20 विश्व कप 2007 में युवराज सिंह के एक ओवर में छह छक्के गंवाने के बावजूद स्टुअर्ट ब्रॉड इतना महान गेंदबाज बना। मैने यही कोशिश की कि वह मानसिक रूप से मजबूत बना रहे और अवसाद का शिकार नहीं हो।'*

## धोनी सीएसके परिवार का हिस्सा या मेंटॉर नहीं रहेंगे तो होगा आश्चर्य

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेल लिया है लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स के साथ किसी भूमिका में जुड़े रहेंगे। सीएसके का इस आईपीएल में शुक्रवार को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सफर खत्म हो गया।



धोनी ने मौजूदा सत्र में 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से और 53.67 की औसत से 161 रन बनाये। वह इस अब तक इस आईपीएल के सबसे बड़े आकर्षण रहे है और हर मैदान में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंच रहे थे। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेल चुके पूर्व सलामी बल्लेबाज हेडन ने कहा, 'मुझे लगता है कि धोनी ने अपना आखिरी मैच खेल लिया है। ऐसा नहीं है कि हम आईपीएल में धोनी को आखिरी बार देख रहे हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा अगर वह आधिकारिक क्षमता में सीएसके के परिवार का मार्गदर्शन नहीं करेंगे या उसका हिस्सा नहीं बनेंगे।'

## ओलंपिक चयन ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं भाकर

एजेंसी ▸▸ भोपाल

ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं, उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की। मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही। उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते।

मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोउ एशियाड की चैंपियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। इससे पहले इलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर चीन की हान जियायू के इस महीने बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में बनाए गए 254.0 के मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक अधिक रहा। दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा। अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे।





## आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोटर्स पर भड़के पूर्व कप्तान

# व्यूज के लिए पर्सनल बातें लीक करना गलत : रोहित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा। रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं।

रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोटर्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, 'मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है। क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है। चाहे हम निजी तौर पर अपने दोस्तों, साथी खिलाड़ियों से अभ्यास या मैच के दिन बात कर रहे हों। एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।'



### दो बार हो चुकी घटना

रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे। बातचीत की रिकॉर्डिंग करते देख उन्होंने हाथ जोड़कर प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा था, 'भाई ऑडियो बंद करो, 'ऑलरेडी' एक ऑडियो ने मेरा वाट लगा दिया है।

### आरसीबी के प्रदर्शन से टीमों को प्रेरणा मिलेगी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। फाफ डु प्लेसी की कप्तानी वाली टीम ने शुक्रवार को गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को 27 रन से हराकर चौथा स्थान हासिल किया।



# एक सप्ताह में 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, 31 मई तक नहीं होंगे वीआईपी दर्शन

## मंदिर समिति ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण, हेमकुंड साहिब के 25 मई को खुलेंगे कपाट

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस बार की चारधाम यात्रा में दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या ने एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। अब तक कुल 4 लाख से ज्यादा लोगों ने दर्शन कर लिया है। पिछले साल की तुलना में यात्रियों के दर्शन करने की संख्या में यह तकरीबन 60 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है।

पिछले साल 2023 में यह संख्या 2.50 लाख थी। वहीं, बद्रीनाथ धाम में पिछले साल की तुलना में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आई है। सोशल डेवलपमेंट फॉर कम्युनिटी फाउंडेशन की ओर से सरकारी आंकड़ों के आधार पर किए गए विश्लेषण में यह जानकारी सामने आई है।



चार धाम यात्रा के टूटे सारे रिकॉर्ड

- रजिस्ट्रेशन आंकड़े
- केदारनाथ धाम 33.51 फीसदी
- बद्रीनाथ धाम 30.57 फीसदी
- गंगोत्री धाम 17.84 फीसदी
- यमुनोत्री धाम 15.71

### 28 लाख लोगों ने किया रजिस्ट्रेशन

फाउंडेशन ने 10 से 16 मई के बीच एक सप्ताह में दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या का विश्लेषण किया गया। 2024 में जब से मंदिर के कपाट खुले हैं, तबसे केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम में 4 लाख से ज्यादा लोगों ने दर्शन कर लिया है। रजिस्ट्रेशन का यह आंकड़ा बढ़कर 28 लाख के पार पहुंच चुका है। इसमें 33.51 फीसदी केदारनाथ धाम, 30.57 फीसदी बद्रीनाथ धाम, 17.84 फीसदी गंगोत्री धाम और 15.71 फीसदी यमुनोत्री धाम के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया है।

### ऑनलाइन हो रहा रजिस्ट्रेशन

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा है कि चारों धाम के मंदिरों के 50 मीटर के दायरे में रील्स या वीडियो बनाने पर पाबंदी लगाई गई है। साथ ही वीआईपी दर्शन पर लगी रोक को भी 31 मई तक बढ़ा दिया है। पहले यह रोक 25 मई तक लगाई गई थी। सरकार ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया हुआ है। श्रद्धालु सिर्फ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ही कर सकेंगे।

### तीर्थयात्रियों को हर संभव सहायता

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बदरीनाथ धाम में यात्रा दर्शन व्यवस्था और मंदिर समिति कार्यालय और विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को उचित निर्देश दिए। मंदिर समिति सभी तीर्थयात्रियों को भगवान बदरीविशाल के सरल-सुगम दर्शन करवा रही है।

### 18 किमी लंबे मार्ग का किया निरीक्षण

**चमोली।** उत्तराखंड के पांचवें धाम के रूप में प्रसिद्ध सिखों पवित्र धार्मिक स्थल श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा भी 25 मई से शुरू होने जा रही है। यात्रा की तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। चमोली जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गोविंद घाट गुरुद्वारा से हेमकुंड साहिब तक 18 किलोमीटर के पैदल मार्ग का निरीक्षण किया। श्री हेमकुंड साहिब, लोकपाल मंदिर और वैली ऑफ फ्लावर की यात्रा को सुखद बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। खुराना ने बताया कि इस साल 2024 में 25 मई को श्री हेमकुंड साहिब और लोकपाल मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के आसपास अभी भी करीब आठ फीट तक बर्फ जमा है। लक्ष्मण मंदिर व हेमकुंड सरोवर भी पूरी तरह से बर्फ से ढका हुआ है। हालांकि सेना के जवानों ने हेमकुंड साहिब मार्ग पर बर्फ हटाकर आवाजाही सुचारू कर दी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान सुरक्षा के सभी इंतजाम करने, एसडीआरएफ के साथ डीडीआरएफ जवानों की भी तैनाती करें। पैदल यात्रा मार्ग पर मोड सुधारीकरण, रेलिंग, पार्किंग, घोडा पड़ाव और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेन शेल्टर, यात्री शेड, बेंच साइनेज सहित बिजली, पानी, शौचालय, साफ सफाई, स्वास्थ्य और सुरक्षा की समुचित व्यवस्थाएं की जाए। साथ ही घोड़े-खच्चरों के लिए भी गर्म पानी की उचित व्यवस्था की जाए।



---

भारत से इजराइल जा रहा था जहाज

# स्पेन ने नहीं दी रुकने की इजाजत, कहा मिडिल ईस्ट को हथियार नहीं शांति चाहिए

एजेंसी ▶▶ ब्रूसेल्स

स्पेन ने भारत से विस्फोटक लेकर इजराइल जा रहे एक जहाज को अपने पोर्ट पर रुकने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। डेनमार्क का झंडा लगा ये जहाज चेन्नई से इजराइल के हाइफा पोर्ट जा रहा था। स्पेन के विदेश मंत्री जोश मैनुएल अल्बारेज ने इसकी पुष्टि की है। विदेश मंत्री अल्बारेज ने ब्रूसेल्स में पत्रकारों से कहा कि उन्हें जानकारी मिली थी कि हथियारों की खेप ले जा रहा एक जहाज स्पेन के पोर्ट पर ठहरना चाहता है। जिसे ठहरने की अनुमति नहीं दी गई।

अल्बारेज ने कहा कि मिडिल ईस्ट को और हथियारों की जरूरत नहीं है। वहां शांति की जरूरत है। उन्होंने जहाज को लेकर ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस जहाज पर करीब 27 टन विस्फोटक मौजूद है। यह चेन्नई पोर्ट से इजराइल के हाइफा पोर्ट पर जा रहा है। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुयेंते ने बताया कि 'मैरिएन डेनिका' नाम के एक जहाज ने 21 मई को स्पेन के दक्षिण पूर्व काताजीना पोर्ट पर रुकने की अनुमति मांगी थी।




### समर पार्टी ने जताई आपत्ति

स्पेन में हथियारों से लदे जहाजों को ठिकाना देने पर विवाद चल रहा है। इससे पहले भी एक जहाज स्पेन के काताजीना पोर्ट पर रुका था। इसका नाम 'बोरकम' है। स्पेन में सत्तारूढ़ सोशलिस्ट पार्टी की सहयोगी अति वामपंथी 'समर पार्टी' ने इस पर आपत्ति जताई थी। समर पार्टी ने आरोप लगाया था कि यह जहाज हथियार लेकर इजराइल जा रहा है। इनका इस्तेमाल गाजा में हमलों के लिए किया जाएगा। हालांकि, स्पेन के परिवहन मंत्री पुयेंते ने इससे इनकार करते हुए कहा था कि बोरकम शिप पर मिलिट्री मैटेरियल जरूर हैं लेकिन ये इजराइल नहीं, बल्कि चेक रिपब्लिक के हैं।

### फिलिस्तीन को जल्द मान्यता दे सकता है स्पेन

स्पेन गाजा हमले को लेकर इजराइल का सबसे मुखर आलोचक रहा है। शुक्रवार को स्पेन के पीएम पेद्रो सांचेज ने कहा कि वे फिलिस्तीन को मान्यता देने पर विचार कर रहे हैं। इसके लिए वे अन्य देशों के साथ सहमति बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले पीएम सांचेज ने मार्च में कहा था कि स्पेन, आयरलैंड, स्लोवेनिया और माल्टा के साथ मिलकर जल्द ही फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देंगे। आयरलैंड के विदेश मंत्री माइकल मार्टिन ने कहा था कि डबलिन इस महीने के अंत तक किसी भी कीमत पर फिलिस्तीन को मान्यता दे देगा।

### नवाज बनेंगे पीएमएलएन पार्टी अध्यक्ष



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पीएमएल-एन पार्टी ने तय किया है कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पार्टी का अध्यक्ष बनाया जाएगा। 28 मई को उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया। यह फैसला दिन में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में लिया गया। पार्टी के लाहौर अध्यक्ष सैफ उल मलूक खोखर ने भी इसकी पुष्टि की।

---

## आईएमएस-बीएचयू की जांच में खुलासा, मोबाइल पर ही पूछे गए सवाल

# को-वैक्सीन के दुष्प्रभाव वाली रिपोर्ट पर शोध अधूरा, पर्याप्त तथ्यों का ध्यान नहीं

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आईएमएस) बीएचयू के प्रोफेसर और जीरियाट्रिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसएस चक्रवर्ती का को-वैक्सीन पर शोध विवादों में घिर गया है। बीएचयू की चार सदस्यीय जांच कमेटी ने ही शोध को आधा अधूरा बताया है। कमेटी की प्रारंभिक जांच में ही शोध सवालों के घेरे में आ गया। शोध में जरूरी मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है। किसी का एंटीबॉडी टेस्ट नहीं कराया गया। मोबाइल फोन की मदद से ही को-वैक्सीन लगवाने वालों से नुकसान पूछे गए, जो किसी भी शोध की गुणवत्ता के लिए ठीक नहीं है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही आईएमएस के निदेशक को सौंपी जाएगी। विभागाध्यक्ष ने को-वैक्सीन पर शोध और उसके दुष्प्रभाव का पेपर प्रकाशित किया। दस से ज्यादा विभागों को शामिल करके कहा कि को-वैक्सीन लगवाने वाले किशोरों के बाल झड़ रहे हैं। त्वचा रोग का मामला भी सामने आया है।

> बीएचयू के जीरियाट्रिक विभाग के अध्यक्ष प्रो. एसएस चक्रवर्ती का को-वैक्सीन पर शोध विवादों में घिर गया है। बीएचयू की चार सदस्यीय जांच कमेटी ने ही शोध को आधा अधूरा बताया है। शोध में जरूरी मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है।

- आईएमएस के निदेशक को जल्द सौंपेगे रिपोर्ट
- शोध पुराना, अभी सार्वजनिक किया जाना जांच का विषय
- बीएचयू की छवि धूमिल करने का आरोप






### शोध रिपोर्ट के समय पर उठे सवाल

लोकसभा चुनाव के बीच को-वैक्सीन की शोध रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने पर सवाल उठाए हैं। आईएमएस बीएचयू के चिकित्सकों का कहना है कि शोध पुराना है, फिर चुनाव के बीच मीडिया को क्यों दिया गया, यह जांच का विषय है। आधी-अधूरी रिपोर्ट के सार्वजनिक किए जाने की पीछे की मंशा ठीक नहीं लग रही।

### कोविड के नए वैरिएंट 'फ्लिर्ट' ने बढ़ाई मुसीबत



**वॉशिंगटन।** यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दिनों अपशिष्ट जल में कोरोना के नए वैरिएंट का एक नया सेट देखा गया है, जिसे फ्लिर्ट नाम दिया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर सहित कई देशों में इस नए वैरिएंट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। तेजी से बढ़ते संक्रमण के चलते सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बार फिर से सभी लोगों से मास्क पहनने की अपील की है।

### शोध में 10 विभागों का जिक्र

को-वैक्सीन के दुष्प्रभाव वाले शोध में जीरियाट्रिक मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग और आईएमएस बीएचयू के करीब दस विभागों का जिक्र है। शोध कार्य पूरा होने के बाद उसके रिसर्च जर्नल्स को प्रकाशन के लिए 30 मई 2022 को संबंधित संस्था में रिसीव हुआ। 17 जुलाई 2022 को उसको स्वीकार किया गया, जबकि 20 जुलाई को प्रकाशन हुआ। जैसे ही शोध रिपोर्ट में को-वैक्सीन के दुष्प्रभाव वाली जानकारी आईएमएस बीएचयू निदेशक तो हुई तो उन्होंने इसकी सत्यता की जांच करवाने का निर्णय लिया।

### रिपोर्ट में कुछ कमियों को जानकारी मिली

जो शोध को-वैक्सीन पर किया गया है, उसपर सवाल खड़ा होने के बाद जांच कराई गई है। फिलहाल रिपोर्ट में कुछ कमियों की जानकारी मिली है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आईएमएस के सभी विभागों को पूरे तथ्यों के साथ ही शोध करने का सुझाव दिया जाएगा। इससे संस्थान की छवि बनी रहेगी।
- **प्रो. एसएन संखवार**, निदेशक, आईएमएस बीएचयू

---

## खबर संक्षेप

### 36 लाख रुपए का सोना जब्त, एक गिरफ्तार



**अगरतला।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिमी त्रिपुरा के निश्चिंतपुर इलाके में सोने की तस्करी के प्रयास को नाकाम करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान प्रशांत राय के पास से 36.6 लाख रुपए मूल्य की सोने की चार छड़ जब्त की गईं। वह अमतली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किश्मतकुरी का निवासी है।

### हेलीकॉप्टर आपात स्थिति में उतारा गया



**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया है। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में यात्रा कर रहे थे। बताया गया कि यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित जुल्फा शहर के निकट हुई।

---

कैंसर क्लब राजकोट ने शुरू की अनूठी पहल

# कैंसर से पीड़ित 80 से अधिक महिलाओं ने किया रैंप पर वॉक

एजेंसी ▶▶ राजकोट

गुजरात के राजकोट में कैंसर से पीड़ित 80 महिलाओं ने रैंप वॉक किया। यह कार्यक्रम कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और शीघ्र निदान के महत्व के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। बीते शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर से लड़ने वाली महिलाओं की सराहना और उन लोगों को प्रेरित करना भी था जो अभी भी इससे लड़ रहे हैं।

यह कैंसर क्लब राजकोट की पहल अनूठी मानी जा रही है, क्योंकि इसमें कोई मॉडल नहीं थीं बल्कि केवल वे 80 महिलाएं थीं जो स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का शिकार रहीं लेकिन तमाम बाधाओं के बावजूद इस बीमारी को हरा दिया। कैंसर क्लब राजकोट ने दो महीने पहले यह पहल शुरू की थी। बेंगलुरु और दिल्ली शहरों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए।



### कैंसर का इलाज संभव

शो के आयोजकों ने इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की क्योंकि उन्होंने लगभग एक महीने तक कैंसर रोगियों को इस रैंप वॉक के लिए तैयार किया। फैशन शो के माध्यम से, कैंसर क्लब का लक्ष्य यह बताना है कि यदि कैंसर का शीघ्र पता चल जाए तो वास्तव में इसका इलाज किया जा सकता है और व्यक्ति एक नया जीवन शुरू कर सकता है।

---

### राम रहीम ने हाईकोर्ट से लगाई गुहार



**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह फिर से जेल से बाहर आने की उम्मीद और पैरोल या फरलो देने पर रोक के आदेश को हटाने के लिए हाई कोर्ट के समक्ष गुहार लगाई है। डेरा प्रमुख के अनुसार, इस साल उसके पास अभी भी 41 दिन की पैरोल/ फरलो बची हुई है। गुरमीत सिंह दुष्कर्म और हत्या के मामलों में दोषी है और वर्तमान में रोहतक जेल में सजा काट रहा है। वह पैरोल या फरलो पर रिहाई के लिए आवेदन करना चाहता है।

---

आतंकियों की गोली से घायल जयपुर दंपती

# आर्मी कैंप में ऑपरेशन, पति को आंख में लगी गोली, पत्नी के कंधे में लगी रॉड

एजेंसी ▶▶ जयपुर

शुक्रवार देर रात जम्मू कश्मीर में जयपुर से जम्मू कश्मीर घूमने गए एक कपल को भी गोली मार दी। गोली लगने से दोनों बुरी तरह से घायल हुए हैं। बताया गया है कि श्रीनगर के जीएमसी हॉस्पिटल में दोनों का इलाज चल रहा है। तबरेज के सिर में आंख के पास गोली लगी है। तबरेज का सुबह करीब 3 बजे ऑपरेशन किया गया। उसकी एक आंख खराब होने के कारण निकाली गई है। वहीं फरहा के कंधे पर गोली लगी। तबरेज के बाद फरहा का भी ऑपरेशन किया गया। फरहा के कंधे में रॉड डाली गई है। अब स्थिति पहले से ठीक है। 5 साल के जुड़वा बेटा-बेटी को श्रीनगर आर्मी कैंप में रखा गया है।

### सीएम ने दिया मदद का आश्वासन



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अधिकारियों को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में गोलीबारी में घायल हुए जयपुर निवासी दंपति तबरेज और फराह को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने घायल दंपति के परिवार के सदस्यों से फोन पर बात की और उन्हें मदद का आश्वासन दिया है। भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने घायल दंपति के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि यह घटना सभी के लिए चिंता का विषय है।

---

## सऊदी अरब को परमाणु हथियार बनाने से रोकेगा अमेरिका

# बदले में देगा नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी, मिडिल ईस्ट पर पकड़ मजबूत करेगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने रविवार को अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच सिक्योरिटी अकॉर्ड और सिविल न्यूक्लियर एग्रीमेंट पर चर्चा हुई।

समझौते के तहत अमेरिका, सऊदी अरब को सुरक्षा और परमाणु सहायता देगा। दरअसल, पिछले साल इजराइल और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक रिश्ते शुरू करवाने के लिए अमेरिका पीछे से बातचीत कर रहा था। इस दौरान उसने इजराइल को मान्यता देने के बदले सऊदी को नाटो लेवल की सिक्योरिटी देने की पेशकश की थी। अमेरिका और सऊदी अरब सुरक्षा और परमाणु सहायता वाले करार पर हस्ताक्षर करने के बेहद करीब हैं।



### अमेरिका ईरान के खिलाफ गठबंधन बनाएगा

बाइडेन प्रशासन सऊदी अरब के साथ डील करके इजराइल को मान्यता दिलवाना चाहता है। अगर एक बार सऊदी और इजराइल के बीच कूटनीतिक रिश्ते बहाल हो गए, तो मिडिल ईस्ट के कई दूसरे देश भी इजराइल को मान्यता दे सकते हैं। इससे अमेरिका को वहां ईरान के खिलाफ एक बड़ा गठबंधन बनाने में मदद मिलेगी।

### 'विजन 2030' प्लान के लिए अहम न्यूक्लियर एनर्जी

सऊदी दुनिया का सबसे बड़ा तेल निर्यातक है। सऊदी क्राउन प्रिंस देश की अर्थव्यवस्था की तेल पर निर्भरता को कम करना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने 'विजन 2030' प्लान भी बनाया है। इस प्लान के लिए सऊदी रिन्यूएबल एनर्जी जनरेट करते हुए उत्सर्जन को कम करना चाहता है।

---

जम्मू कश्मीर के पुंछ में हमला

# चुनावी रैली के दौरान चाकू से नेकां के तीन कार्यकर्ता घायल

एजेंसी ▶▶ पुंछ

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले के मेंढर में रविवार को एक चुनावी रैली में नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के तीन कार्यकर्ताओं पर अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से नेकां उम्मीदवार मियां अल्ताफ के समर्थन में मेंढर में आयोजित रैली में पार्टी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला भी उपस्थित थे।

### दो की हालत गंभीर



हरनी के रहने वाले सोहेल अहमद और यासिर अहमद तथा कासबलारी गांव के रहने वाले मोहम्मद इमरान चाकू हमले में घायल हुए हैं तथा उन्हें एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि सोहेल और यासिर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## भारतीय डाक विभाग द्वारा ईसीआर के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु रिव्यू मीटिंग का आयोजन



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** भारतीय डाक विभाग के प्रधान डाकघर सांभरलेक में रविवार को अधीक्षक डाकघर जयपुर देहात मण्डल की अध्यक्षता एवं सहायक अधीक्षक डाकघर(मुख्यालय), सहायक अधीक्षक डाकघर (बाह्य), सहायक अधीक्षक डाकघर (सांभरलेक), निरीक्षक डाकघर चौमू, निरीक्षक डाकघर जयपुर (दक्षिण) एवं मण्डल कार्यालय टीम की उपस्थिति में श्वष्टक्र के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें परिमंडल कार्यालय में आयोजित मीटिंग में दिए गए निर्देशों को सूक्ष्मता से समझाया गया । इस मीटिंग में सांभरलेक प्रधान डाकघर के अधीनस्थ उपडाकघरों के उपडाकपाल, डाक सहायक, डाक अधिदर्शक, उपखंड डाक सहायक, एम टी एस, पोस्टमैन ने भाग लिया तथा श्वष्टक्र लक्ष्य को शतप्रतिशत प्राप्त करने के क्रम में दिशा संगत प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया।

## श्वानों के आतंक से भांडेडा गांव के ग्रामीण परेशान, ग्राम पंचायत प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और विरोध



राजस्थान की राजनीति

**दौसा (विष्णु आशीर्वाद)।** दौसा जिले के बांदीकुई उपखण्ड के भांडेडा गांव में आवारा श्वानों के आतंक से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने गांव में प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि श्वान गांव की ओर आवाजाही करते लोगों पर हमला कर देते हैं। कई बच्चों को श्वानों ने घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि श्वान मवेशियों पर भी हमला बोलते नजर आते हैं जिससे पशुपालक भी चिंतित दिखाई पड़ते हैं। लोगों ने ग्राम पंचायत प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया और श्वानों को पकड़कर अन्यंत्र जगह छोड़कर उन पर अंकुश लगाने की बात कही। इस मौके पर विनोद महावर, विवेक कटारिया, लोकेश, चेतन, देव दत्त, अभिषेक, सुमन देवी, पिंकी देवी, पार्वती देवी, विमला देवी, सुनिता देवी, गंगा देवी सहित अन्य मौजूद रहें।

## उग्र गर्मी में अग्र बंधु:सियासी गहमा-गहमी के बीच 37.31 फीसदी की रिकॉर्ड वोटिंग, फर्जी वोटिंग के आरोप पर हंगामा



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** शहर के सबसे बड़े सामाजिक संगठन श्री अग्रवाल समाज समिति के 7 साल बाद हुए चुनाव में रविवार को सी-स्कीम के महावीर स्कूल में मतदान हुआ। तीन ग्रुपों प्रदीप मित्तल, प्रगति और लखदातार के बीच मुकाबला है। सियासी गहमा-गहमी के बीच 15,121 समाज बंधुओं ने 37.31त्न की रिकॉर्ड वोटिंग हुई। मतगणना देर रात तक जारी थी। रात 12¬30 बजे 850 मत-पत्रों की गणना हो चुकी थी। वोटिंग के दौरान धक्का-मुक्की, नारेबाजी और फर्जी वोटिंग के आरोप-प्रत्यारोप लगते रहे। शाम करीब 4¬15 बजे नारेबाजी कर रहे कुछ अग्रबंधुओं पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। सुबह से शाम तक दो गुटों के बीच कई बार धक्का-मुक्की की नौबत आई।

### अग्रवाल समाज के चुनाव - ग्रुप लीडर के पास इलेक्शन ऑफिसर का पास, समर्थक भिड़े

लखदातार ग्रुप के प्रमुख चंद्रप्रकाश भाड़ेवाला के पास इलेक्शन ऑफिसर का कार्ड था। इसको लेकर प्रगति ग्रुप ने हंगामा खड़ा कर दिया। प्रगति ग्रुप के आनंद गुप्ता ने आरोप लगाया कि चंद्र प्रकाश भाड़ेवाला का यह कार्ड किसने और क्यों बनाया। वे एक ग्रुप का नेतृत्व कर रहे थे। उनका इस तरह का कार्ड गलत है। इससे साबित होता है कि चुनाव में धांधली हुई है। हमने चुनाव समिति को वकील के जरिए नोटिस भिजवा दिया है कि चुनाव में हुई धांधली और फर्जी वोटिंग को देखते हुए चुनाव को रद्द किया जाए। जब लखदातार ग्रुप के समर्थक बैरिकेडिंग तोड़कर गैलरी में आ गए तो उन्हें देखकर दूसरा ग्रुप भी गैलरी में आ गया। इससे लखदातार और प्रदीप मित्तल ग्रुप के समर्थकों के बीच मारपीट हो गई। प्रदीप मित्तल ग्रुप के राकेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि उनके कार्यकारिणी सदस्य अजय अग्रवाल से लखदातार ग्रुप के 10-15 लोगों ने मारपीट की। इस संबंध में लखदातार ग्रुप के चंदप्रकाश भाड़ेवाला का कहना है कि हमारे ग्रुप के आदमियों ने किसी से कोई मारपीट नहीं की।

# एसपी के नाम से कांपने लगे बीहड़ के डकैत, लुक्का को पकड़ने के बाद छुटपुट बदमाशों ने चंबल भी छोड़ा

## राजस्थान में बजने लगा सुमित मेहरड़ा का डंका, लगातार कार्रवाई से एसपी बने युवाओं के आइकन

### टीम वर्क से पुलिस कर्मियों में अब तक के एसपी से ज्यादा चहेते बने सुमित मेहरड़ा

राजस्थान की राजनीति





**धौलपुर।** धौलपुर चंबल और बीहड़ का नाम सुनते ही देश के लोगों को डकैत और बदमाशों का डर लगता है,लेकिन धौलपुर जिले में इसका उल्टा है। यहां पर एसपी सुमित मेहरड़ा का नाम आते ही बीहड़ के डकैत और बदमाश कांपने लग रहे हैं। एक लाख रुपये के ईनामी डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का को पकड़ने के बाद छुटपुट बदमाशों ने चंबल से ही दूरियां बना ली है। बदमाशों पर लगातार कार्रवाई से एसपी सुमित मेहरड़ा युवाओं के आइकन बन गए हैं। एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाही से राजस्थान में भी एसपी का डंका बजने लगा है। एक लाख रुपये का ईनामी डकैत धर्मेंद्र उर्फ लुक्का पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। एसपी सुमित मेहरणा ने डीएसटी को डकैत को पकड़ने का टास्क दिया था। चंबल के बीहड़ों में एसपी को डकैत लुक्का के छिपने की सूचना मिली थी। एसपी ने डीएसटी को बसईडांग इलाके के नियाती के बीहड़ों में भेजा था। पुलिस को देख डकैतों ने 50 से अधिक राउंड फायर किए। जवाबी फायरिंग में मोर्चा संभालते हुए पुलिस ने एक लाख रुपये के ईनामी डकैत लुक्का समेत तीन डकैतों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल कर ली है। डकैतों के कब्जे से पुलिस ने पांच अवैध हथियार और 60 कारतूस बरामद किए हैं। एसपी सुमित मेहरड़ा के नेतृत्व में पुलिस को इससे पहले पुलिस ने राजाखेड़ा से अपहरण के मामले में 20 हजार का ईनामी आरोपी सोनू को गिरफ्तार किया था। इससे पूर्व ढाबे में फायरिंग के पांच आरोपी, 55 हजार का ईनामी बदमाश राजवीर उर्फ रज्जो, 13 मई को डकैती की योजना बनाते पांच बदमाश, 10 मई को लुक्का गैंग के बदमाश सतीश को, 20 हजार का इनामी बदमाश राहुल और उसका साथी बंटी नामदेव, 2 साल से फरार चल रहे ईमानी बदमाश वीरू उर्फ वीरेंद्र आदि को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया है। लगातार कार्रवाई से एसपी सुमित मेहरड़ा युवाओं के चहेते बनते जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो अब तक जितने भी एसपी रहे हैं, उनमें से सुमित मेहरड़ा कर्मियों से सबसे अधिक लोकप्रिय अधिकारी बनकर सामने आए हैं।

### गुम हुए फोन दिलाने पर बढ़ा लोगों मे विश्वास



एसपी सुमित मेहरड़ा ने 10 लाख रुपये कीमत के गुम हुए 60 मोबाइल को यूपी, एमपी, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, भरतपुर और करौली से ढूंढवाकर लाए थे। साइबर टीम के हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह ने एसपी के दिए टास्क को पूरा करके दिखाया था। लोगों को गुम हुए मोबाइल मिलने के बाद आमजन में पुलिस का विश्वास अधिक बढ़ गया है।

### आतंकी-हमले में घायल जयपुर के युवक की आंख निकालनी पड़ी

# पत्नी के कंधे में रॉड डली, दंपती श्रीनगर में भर्ती; पिता बोले- एयरलिफ्ट कराओ

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** कश्मीर बहुत सुंदर है, एक बार घूमना है। पिछले 20 दिनों से प्लानिंग के बाद बेटा तबरेज और बहू फरहा अपने 5 साल के जुड़वा बच्चों (बेटा-बेटी) के साथ घूमने निकले थे। उनके साथ बड़े भाई परवेज का परिवार भी था। मुझे भी साथ चलने के लिए कहा था। पता नहीं था घूमने जाने के बाद ऐसा हो जाएगा। नहीं तो कभी नहीं भेजती।

यह कहना है जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हुए प्रॉपर्टी डीलर तबरेज खान (38) की मां मजिदान का। जो बेटे और बहू के बारे में बताते हुए रोने लगीं। तबरेज के साथ पत्नी फरहा खान (35) को भी गोली लगी है। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं।

### तबरेज की एक आंख निकालनी पड़ी

तबरेज के पिता असलम खान ने बताया- कश्मीर में आतंकवादी हमले में घायल तबरेज और फरहा का श्रीनगर के जीएमसी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। तबरेज के सिर में आंख के पास गोली लगी है। तबरेज का सुबह करीब 3 बजे ऑपरेशन किया गया। उसकी एक आंख डैमेज होने के कारण निकाली गई है। वहीं, नाक की हड्डी टूटने से ब्लड बहना रुक नहीं रहा है। नाक की हड्डी के लिए तबरेज का दूसरा ऑपरेशन होगा।

फरहा के कंधे पर गोली लगी। तबरेज के बाद फरहा का भी ऑपरेशन किया गया। फरहा के कंधे में रॉड डाली गई है। अब स्थिति पहले से ठीक है। 5 साल के जुड़वा बेटा-बेटी को श्रीनगर आर्मी कैंप में रखा गया है।

### बेटे-बहू को एयरलिफ्ट करने की मांग की

तबरेज के पिता असलम खान ने भारत सरकार से मदद भी मांगी है। उन्होंने कहा- मेरी भारत सरकार से मांग है कि अच्छे इलाज के लिए बेटे-बहू को श्रीनगर से एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स शिफ्ट किया जाए। आतंकवादियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाए।

### 20 दिन पहले बनाई थी घूमने की प्लानिंग

असलम खान ने बताया- 13 मई को कश्मीर जाने के लिए तबरेज ने 20 दिन पहले ही प्लानिंग कर ली थी। उसने ही रिश्तेदारों के साथ कश्मीर जाने का ग्रुप प्लान बनाया। पत्नी-बच्चों के साथ उसका बड़ा भाई भी कश्मीर घूमने साथ गया था। 22 मई को कश्मीर से लौटने का टिकट करवाया था। कश्मीर में बेटे-बहू के साथ ऐसा होगा, पता नहीं था।

### रात को घर आया तो पता चला बेटे-बहू हॉस्पिटल में भर्ती

तबरेज के पिता ने बताया- घटना वाले दिन (शनिवार) सुबह करीब 11¬30 बजे तबरेज से बात हुई थी। बताया था कि ग्रुप के साथ घूमने निकलने वाले हैं। उसके बाद रात करीब 9 बजे घर आने पर बेटे-बहू को गोली लगने का पता चला। साथ गए रिश्तेदारों से पता किया तो उन्होंने बेटे-बहू को हॉस्पिटल में भर्ती होने की बात कही। उन्होंने बताया कि पोती घटना के बाद सहम गई है, जबकि पोता ठीक है। हम श्रीनगर जाना चाहते हैं, लेकिन टिकट नहीं हो पा रहा है।

### बहू बोली थी- खाना खाकर बात करती हूं

तबरेज की मां मजिदान ने रोते हुए बताया- अगर पता होता तो बेटे-बहू को कश्मीर नहीं जाने देती। बेटा अक्सर कहता था कि कश्मीर बहुत सुंदर है, एक बार घूमने जाऊंगा। बस, इस वजह से उसको कभी मना नहीं किया। जाते समय उसने कहा था कि अम्मी तुम भी साथ चलो, लेकिन मैंने कहा बड़ा भाई परवेज भी जा रहा है। तुम लोग घूमकर आ जाओ।

उन्होंने बताया- दोपहर करीब 12¬15 बजे परवेज ने कॉल कर बताया था- अम्मी हम लोग घूमने के लिए निकल रहे हैं। उसके बाद बात नहीं हुई। रात को मैंने बहू को कॉल किया। बहू से बात होने पर उसने कहा- अम्मी मैं खाना खाकर आपसे बात करती हूं। करीब 10 मिनट बाद बड़े बेटे परवेज का कॉल आ गया।

घबराए हुए जोर से चिल्लाते हुए बोला- गोली मार दी है। पूछने पर बोला- तबरेज और फरहा को। मैंने कहा- उसके इतने दुश्मन कहां से आ गए। मेरे बेटे के साथ बहू को भी गोली लग गई। पोता-पोती रो रहे हैं, मां-बाप के बिना।

### सरकार को देना चाहिए ध्यान

फरहा की मां ने कहा- आतंकवादी ऐसा क्यों कर रहे हैं। इसका सरकार को ध्यान देना चाहिए। आतंकवादियों की वजह से टूरिस्ट परेशान हो रहे हैं।

### डिनर करने पहुंचे थे गार्डन

तबरेज के पिता असलम खान ने बताया- कश्मीर घूमने गए जयपुर से 50 लोगों में 12 बच्चे भी शामिल हैं। सभी शनिवार रात करीब 9 बजे जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित गार्डन में डिनर करने गए थे। बस से उतर कर सभी डिनर के लिए गार्डन में अंदर चले गए। खेलते हुए बच्चे आगे निकल गए।

गार्डन के गेट से तबरेज पत्नी फरहा और साले शाहरुख के साथ अंदर घुस रहा था। इस दौरान बाइक पर आए 2 आतंकवादियों ने गोलियां चलाना शुरू कर दिया। चलती बाइक पर पीछे बैठे आतंकवादी ने 20-25 राउंड फायर किए। गोलियां चलने की आवाज सुनकर पीछे मुड़कर देखने के दौरान तबरेज और फरहा को गोली लग गई। शाहरुख के भी गले पर गोली की छूने से चोट आई है।

### हॉस्पिटल में कराया भर्ती

गोलियां चलने की आवाज सुनकर लोगों में दहशत के साथ चीख-पुकार मच गई। महज 10 सेकेंड में ही बाइक सवार दोनों आतंकी फरार हो गए। घायल तबरेज और फरहा को तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। शाहरुख के गले में चोट आने पर उसके पट्टा बांधा गया है।

### सीएम ने मदद के निर्देश

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तबरेज और फराह की हर संभव मदद के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है।

## कॉमर्शियल सिलेंडरों में घरेलू गैस भरने का चल रहा रैकेटः फर्जी कनेक्शन से सिलेंडर बुकिंग, 1.60 करोड़ घरेलू ग्राहकों की केवाईसी जरूरी

राजस्थान की राजनीति




**जयपुर।** उज्ज्वला कनेक्शन के साथ अब प्रदेश के 1.60 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। कंपनियों ने डीलर्स को मौखिक आदेश दे दिए गए हैं। तीनों तेल कंपनियों का मानना है कि इस ई-केवाईसी से प्रदेश में मौजूद फर्जी कनेक्शनों को रद्द किया जा सकेगा। पिछले दिनों से लगातार इस बात की शिकायतें मिल रही हैं कि ऐसे ही फर्जी गैस कनेक्शनों के जरिए बुकिंग कराकर डोमेस्टिक सिलेंडर का डायवर्जन हो रहा है। इस डायवर्जन से तेल कंपनियों को हर माह करोड़ों का घाटा उठाना पड़ रहा है। ऐसे में कंपनियों ने उज्ज्वला के बाद अब सभी घरेलू गैस कनेक्शनों पर भी ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी है। प्रदेश में उज्ज्वला और सब्सिडी वाले बीपीएल कनेक्शनों को छोड़ 80 लाख घरेलू गैस उपभोक्ता हैं। इन सभी उपभोक्ताओं को 31 मई तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है।

यदि उपभोक्ता ऐसा नहीं करते हैं तो उनको दी जा रही सरकारी सुविधाएं मिलना बंद हो सकती है। यही नहीं, कंपनियों का कहना है कि सिलेंडर री-फिल कराने में भी दिक्कत हो सकती है। एचपीसीएल के डीजीएम लल्लन कुमार का कहना है कि सभी उपभोक्ताओं को आधार, अकाउंट नंबर, रजिस्टर मोबाइल नंबर और स्वयं की उपस्थिति के साथ ई-केवाईसी करानी होगी। यह अपने एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाकर या घर पर आने वाले डिलीवरी बॉय के जरिए कराया जा सकता है। जो तीनों कंपनियों के एप के जरिए होगा।

### जरूरी क्योंकि वास्तविक कनेक्शनों की पहचान हो

उज्ज्वला व बीपीएल उपभोक्ताओं को 450 रुपए में सिलेंडर मिलता है। उज्ज्वला की सब्सिडी के 300 रुपए केंद्र और 43.50 रुपए राज्य देता है। बीपीएल की पूरी सब्सिडी राज्य सरकार देती है। इनमें से 60त्न ने ईकेवाईसी करा ली है। कंपनियों का मानना है 40त्न में से बहुत से फर्जी भी हो सकते हैं।

### 14 से 15 लाख तक हो सकते हैं फर्जी कनेक्शन?

मोटे तौर पर 80 लाख घरेलू उपभोक्ताओं में से 20-25त्न यानी 14 से 15 लाख कनेक्शन फर्जी हो सकते हैं। उज्ज्वला और बीपीएल कनेक्शनों की केवाईसी नहीं कराने वालों से ऐसे आंकड़े आए थे।

### सरकार को हर साल करोड़ों की जीएसटी का घाटा भी

फर्जी कनेक्शनों से कॉमर्शियल सिलेंडरों में गैस ट्रांसफर होने से राज्य, केंद्र सरकार और पेट्रोलियम कंपनियों को घाटा हो रहा है। रैकेट में 14.2 किलो एलपीजी वाले 4 घरेलू सिलेंडरों से 19 किलो गैस वाले कॉमर्शियल सिलेंडर बनाए जा रहे हैं। बिना बिल से 18 प्रतिशत जीएसटी का नुकसान है। 4 घरेलू गैस सिलेंडर से 5 प्रतिशत के अनुसार 160 रुपए जीएसटी सरकार को मिलती है। 3 कॉमर्शियल सिलेंडर की 18 प्रतिशत के अनुसार जीएसटी 760 रुपए बनती है। असल में कंपनियों की तरफ से भी एजेंसियों को अधिक से अधिक सिलेंडर री-फिल करने का टारगेट है। ऐसे में कई एजेंसियां ऐसी भी हैं, जो 120 प्रतिशत तक टारगेट पूरा कर रही हैं, यानी यदि किसी एजेंसी पर 10,000 कनेक्शन हैं तो वह 12000 रीफिल कर रहा है। इसमें फर्जीवाड़े की गुंजाइश अत्यधिक है।

## जयपुर में गर्मी का 8 साल का रिकॉर्ड टूटाः शाम को मौसम बदला, 4 घंटे में 6 डिग्री लुढ़का पारा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर में रविवार को इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां गर्मी ने 8 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 2016 में दिन का अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री दर्ज किया गया था। सड़कें आग की तरह तपती रही। नगर निगम को कई इलाकों में एंटी स्मोग गन से पानी का छिड़काव करना पड़ा।

### शाम को बरसी राहत

दिन में तेज गर्मी से परेशान लोगों को शाम को राहत मिली। अचानक धूलभरी तेज हवाएं चलने लगी और हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में गिरावट आई। 4 घंटे में करीब 6 डिग्री तापमान लुढ़का। लोगों को गर्मी से राहत मिली।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in ( * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।